सुविचार

धन का मोह जीवन को अशांत बनाता है।

-प्रेमचंद

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Kareena Kapoor Khan Shares... 12

Ranchi ● Saturday, 05 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 80 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

संसेक्स	:	75,364.69
निफ्टी	:	22,904.45

SARAFA

सोना	:	8,575
चांदी	:	108.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

NEW DELHI : शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुनर्स्थापित किए गए तथा वक्फ संशोधन विधेयक सहित कुल 16 विधेयक पारित किए गए। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच कहा कि सत्र में 26 बैठकें हुईं तथा कुल उत्पादकता 118 प्रतिशत से अधिक रही। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में 173 सदस्यों ने भागीदारी की। इसी प्रकार केन्द्रीय बजट पर चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल को शून्यकाल में 202 सदस्यों ने लोक महत्व के विषय सदन में उठाए, जो अभी तक किसी भी लोकसभा के लिए एक दिन में शून्यकाल के दौरान उठाए जाने वाले विषयों का रिकॉर्ड है। वहीं, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि इस सत्र में उनकी उत्पादकता 119 प्रतिशत रही।

कुएं में गिरा ट्रैक्टर, आठ महिला मजदूरों की मौत

MUNBAI : शुक्रवार को नांदेड़ जिले में स्थित अलेगांव शिवरा में मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर अचानक कुएं में गिर गया, जिससे आठ महिला मजदूरों की मौत हो गई। इस घटना में तीन मजदूर घायल हो गए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। नांदेड़ पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य कर रही है। राजस्व विभाग के सूत्रों के अनुसार हिंगोली जिले के वासमत तहसील के गुंज निवासी मजदूर आज सुबह नांदेड़ जिले के अलेगांव शिवरा में दगडू शिंदे के खेत में हल्दी काटने का काम करने ट्रैक्टर से जा रहे थे। अलेगांव शिवरा में पहुंचते ही अचानक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे ट्रैक्टर कुएं में गिर गया। इस घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नांदेड़ पुलिस गांव वालों के साथ मौके पर पहुंची और पंप लगाकर कुएं का पानी निकाला जा रहा है।

लेबनान में मारा गया हमास कमांडर हसन फरहत

NEW DELHI : इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन क्षेत्र में ड्रोन हमला करके आतंकवादी समूह हमास कमांडर हसन फरहत को मार गिराने का दावा किया है। शुक्रवार को शहर के दलाह्मआ इलाके में हुए इस हमले में फरहत के बेटे और बेटी की भी मौत हो गई। अल जजीरा न्यूज चैनल ने कुद्स न्यूज नेटवर्क के हवाले से बताया कि हसन फरहत लेबनान में हमास के पश्चिमी क्षेत्र का कमांडर था। वह इजराइल के खिलाफ लंबे समय से साजिश रचता रहा है। पिछले साल फरवरी में उत्तरी इजराइल में रॉकेटों की बड़ी शृंखला लॉन्च करने के लिए जिम्मेदार था। इस हमले में एक निगरानी चौकी में एक इजराइली सैनिक मारा गया था।

मोरहाबादी, बरियातू, पीपी कंपाउंड, चिरौंदी व लालपुर समेत रांची के कई प्रमुख इलाकों में भी छापा

आयुष्मान घोटाला : बन्ना गुप्ता के पीएस ओम प्रकाश सहित 21 ठिकानों पर ईडी रेड

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को आयुष्मान भारत योजना घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के पीएस ओम प्रकाश, टीपीए (थर्ड पार्टी असेसमेंट) सहित अन्य लोगों के 21 ठिकानों पर एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) की टीम ने रेड मारी। टीम ने सुबह से राजधानी रांची के मोरहाबादी, बरियातू, पीपी कंपाउंड, चिरौंदी और लालपुर समेत रांची के कई प्रमुख इलाकों में एक साथ छापेमारी शुरू की। इस दौरान मेडिकल से जुड़ी कंपनियों, इंश्योरेंस फर्मों और दवा कंपनियों की जांच की गई। गौरतलब है कि साल 2025 में ईडी की यह पहली छापेमारी है। रांची के बरयातू थाना क्षेत्र स्थित अरविंद मार्ग के रश्मि एनक्लेव और रामेश्वरम लेन के श्यामा एनक्लेव में थर्ड फ्लोर पर रहने वाले सुजीत यादव के ठिकानों पर यह रेड पड़ी। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जानकारी के अनुसार, आयुष्मान भारत योजना घोटाला मामले में कुल 21 ठिकानों पर ईडी की ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। इसमें झारखंड के 17, पश्चिम बंगाल के दो और दिल्ली व उत्तर प्रदेश के एक-एक ठिकाने शामिल हैं।

झारखंड के 17, पश्चिम बंगाल के दो, दिल्ली व उत्तर प्रदेश के एक-एक ठिकाने में जांच एजेंसी ने दी दस्तक

- मेडिकल से जुड़ीं कंपनियों, इंश्योरेंस फर्मों और दवा कंपनियों की हुई जांच
- ओम प्रकाश सिंह गुड्डू के परिजनों से भी पूछताछ, किसी को अंदर जाने की नहीं थी इजाजत
- प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी और स्वास्थ्य विभाग से मांगी थी रिपोर्ट
- 200 से अधिक अस्पताल, इंश्योरेंस और दवा कंपनियां जांच के दायरे में
- सीएजी रिपोर्ट में मुर्दों का इलाज करने सहित अन्य प्रकार की गड़बड़ी का भी उल्लेख

झारखंड में गड़बड़ियों को लेकर दर्ज ईसीआईआर की शुरू की गई जांच

ईडी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत झारखंड में हुई गड़बड़ियों को लेकर दर्ज ईसीआईआर की जांच शुरू की है। कुछ दिन पहले सीएजी रिपोर्ट में इसका खुलासा भी हुआ था। इसमें कहा गया था कि कुछ अस्पताल फर्जी मरीजों का इलाज कर करोड़ों की राशि का भुगतान ले लिया। यहां तक कि कई ऐसे लोगों के नाम पर बिल बना दिया गया जिसकी पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद प्रर्वतन निदेशालय ने झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी और स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी थी। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इसी रिपोर्ट के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की और शुक्रवार को संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर छापा मार दिया। कुल 200 से अधिक अस्पताल, इंश्योरेंस और दवा कंपनियां जांच के दायरे में है।

जमशेदपुर के कई अन्य इलाकों में भी पड़ा छापा

आयुष्मान घोटाला से संबंधित मामले में ईडी ने जमशेदपुर के एनएच-33 मार्ग के बिग बाजार से पीछे स्थित नीलगिरी कॉलोनी में बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव ओम प्रकाश सिंह गुड्डू के ठिकानों पर छापा मारा। जमशेदपुर के कई इलाकों पर प्रर्वतन निदेशालय ने रेड मारी, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी। ईडी के अधिकारी ओम प्रकाश सिंह गुड्डू के परिजनों से भी पूछताछ की। किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई थी।

संसद में पेश की गई थी नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट

बता दें कि आयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट (सीएजी) संसद में पेश की गयी थी। इसके बाद ईडी ने इसीआईआर दर्ज की थी। सीएजी की रिपोर्ट में झारखंड में आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने का उल्लेख किया गया था। इसमें मुर्दों का इलाज करने सहित अन्य प्रकार की गड़बड़ी का भी उल्लेख था। सीएजी की रिपोर्ट संसद में पेश होने और उसमें वर्णित तथ्यों के मद्देनजर ईडी ने स्वास्थ्य विभाग और झारखंड स्टेट हेल्थ सोसाइटी से आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी थी। जवाब में स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में कुछ अस्पतालों के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी की सूचना ईडी को भेजी थी।

200 से अधिक अस्पतालों में करोड़ों का घोटाला किया गया : इधर, ईडी की कार्रवाई पर जमशेदपुर पश्चिमी से जदयू विधायक सरयू राय ने कहा- कोरोना के समय आयुष्मान योजना के नाम पर करोड़ों का घोटाला हुआ है। अभी भी 40 करोड़ रुपये का फर्जी बिल पड़ा हुआ है। पूरे राज्य में 200 से अधिक अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत करोड़ों का घोटाला किया गया है।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न

शुक्रवार को लोक आस्था का महापर्व चैती छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। व्रतियों ने सुबह 05 बजकर 37 मिनट पर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। धन-धान्य और आरोग्य की कामना की। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर निर्जला उपवास तोड़ा। बता दें कि छठ पूजा का अंतिम दिन चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य भगवान का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य और संतान के लिए रखा जाता है। आस्था का यह महापर्व साल में दो बार चैत्र और कार्तिक माह में मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाला यह चैती छठ शुक्रवार को संपन्न हुआ।

एक केस को मैनेज करने के नाम पर मांग रहा था पैसा, एसीबी ने की कारवाई

30 हजार घूस लेते नामकुम थाने का दरोगा अरेस्ट

CRIME REPORTER RANCHI : शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने राजधानी रांची के नामकुम थाने के दारोगा चंद्रदीप प्रसाद को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एक केस को मैनेज करने के नाम पर दरोगा 30 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया। एंट्री करप्शन ब्यूरो ने दरोगा की गिरफ्तारी की पुष्टि की गई है। बता दें कि इससे पहले कोतवाली थाने के एक सब-इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

एंट्री करप्शन ब्यूरो ने सत्यापन में मामले को पाया सही, इसके बाद रंगे हाथ दबोचा

एक लाख रुपये की थी डिमांड

एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा जारी किए गए प्रेस रिलीज में बताया गया है कि आशीष यादव नाम के व्यक्ति ने ब्यूरो में यह शिकायत की थी कि उनकी एक लड़की के साथ सगाई हुई थी, लेकिन किसी कारणवश सगाई टूट गई। इस दौरान पंचों के माध्यम से सभी सामान का आदान-प्रदान हो गया था। पूर्व में मामले को लेकर नामकुम थाने में लड़की के परिजनों के द्वारा भी नामकुम थाने में कांड संख्या 262/24 दर्ज करवाया गया था। कांड के अनुसंधानकर्ता चंद्रदीप प्रसाद थे। मामले को लेकर पीड़ित ने न्यायालय से जमानत भी ले ली थी। लेकिन, केस को मैनेज करने के नाम पर चंद्रदीप प्रसाद एक लाख रुपये की लगातार डिमांड कर रहा था।



झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर शीर्ष अदालत ने लगाई रोक

रामनवमी पर काटें बिजली, लेकिन कम समय के लिए : सुप्रीम कोर्ट

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने सरहुल के दौरान की गई बिजली कटौती वाले मामले पर झारखंड हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। साथ ही इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। केस की अगली सुनवाई रामनवमी के बाद 8 अप्रैल को होगी। राज्य सरकार ने झारखंड हाई कोर्ट द्वारा बिजली नहीं काटने को लेकर सुनाए गए फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें उन्होंने एसएलपी दायर कर जल्द से जल्द इस मामले की सुनवाई करने का आग्रह किया था। राज्य सरकार के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट द्वारा सुनाए गए फैसले पर सुनवाई की। इसमें उन्होंने अदालत के फैसले पर रोक लगाते हुए जेबीवीएनएल के एमडी को निर्देश दिया कि वे सरहुल, रामनवमी जैसे खास मौके पर कम से कम बिजली कटौती करें, ताकि जनजीवन अधिक प्रभावित न हो। निर्देशित किया कि अस्पताल समेत अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े स्थानों पर किसी प्रकार की बिजली आपूर्ति बाधित न की जाए।

उच्च न्यायालय ने रामनवमी और मोहर्रम पर निकलने वाले जुलूस के दौरान बिजली कटौती पर लगा दी थी रोक

सरकार ने एसएलपी दायर कर जल्द से जल्द इस मामले की सुनवाई करने का किया था आग्रह

अब 8 अप्रैल को फिर होगी मामले की सुनवाई सरकार से मांगा जवाब सरहुल पर 10 घंटे तक काटी गई थी बिजली

शोभायात्रा को लेकर काटी जाती है बिजली

सामान्य रूप से हर साल सरहुल और रामनवमी के दिन निकाले जाने वाली शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए बिजली काट दी जाती है। सभी मार्ग के जुलूस जब लौट जाते हैं, तब बिजली की आपूर्ति की जाती है। एक अप्रैल को सरहुल की शोभायात्रा के लिए दस घंटे से अधिक बिजली काटी गयी थी। छह अप्रैल को रामनवमी जुलूस के दौरान भी बिजली काटे जाने की घोषणा की गई है। गुरुवार के हाईकोर्ट के आदेश को राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। राज्य सरकार की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। बता दें कि गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में त्योहारों में निकाले जाने वाले जुलूस के कारण दस-दस घंटे बिजली काटे जाने पर स्वतः सज्ञान लिया था।

बड़ी उपलब्धि दोहरी आवृत्ति का उपयोग करने वाला पहला रडार इमेजिंग सैटेलाइट

किसानों के लिए वरदान साबित होगा नासा-इसरो का उपग्रह 'निसार'

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : दुनिया के किसानों के लिए बड़ी खुशखबरी। अब उन्हें सैटेलाइट के सहारे बहुत कुछ वैसी जानकारियां हासिल हो सकेंगी, जिनके माध्यम से वे कृषि के क्षेत्र को और तेजी से विकसित कर सकेंगे। नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार या निसार मिशन के माध्यम से यह संभव होगा। यह उपग्रह दोहरी आवृत्ति का उपयोग करने वाला पहला रडार इमेजिंग सैटेलाइट होगा। इसे धरती के प्राकृतिक प्रक्रियाओं को समझने के लिए रिमोट सेंसिंग में इस्तेमाल किया जाएगा। यह अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा और इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन की संयुक्त परियोजना है। निसार से प्राप्त डाटा न केवल भारत, बल्कि दुनियाभर के किसानों के लिए उपयोगी होगा। इससे प्राप्त आंकड़ों का उपयोग फसलों की वृद्धि को ट्रैक करने, पौधों के स्वास्थ्य पर नजर रखने और मिट्टी की नमी की निगरानी के लिए किया जाएगा। यह जानकारी इसरो विज्ञान टीम के हवाले से एक रिपोर्ट में दी गई है। यह मिशन रोपाई से लेकर कटाई तक फसलों की वृद्धि पर नजर रखेगा, जिससे सही समय पर बुवाई, सिंचाई और अन्य कृषि कार्यों के बारे में जानकारी मिलेगी।

प्राकृतिक प्रक्रियाओं को समझने के लिए रिमोट सेंसिंग में किया जाएगा इस्तेमाल

नीति निर्माताओं और कृषि अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्णय लेने में देगा सहायता

- पूरी दुनिया में धरती पर फसलों की निगरानी और कृषि सुधार में करेगा मदद
- पौधों के स्वास्थ्य पर नजर रखने और मिट्टी की नमी को पहचाने का बनाएगा आधार
- सैटेलाइट से प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से फसलों की वृद्धि को ट्रैक करना होगा संभव

12 दिनों में दो बार पृथ्वी की लगभग पूरी भूमि की तस्वीर लेने में सक्षम

कृषि भूमि का होगा समग्र विश्लेषण

सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक की मदद से निसार उपग्रह फसलों की विशेषताओं, पौधों में मौजूद नमी की मात्रा और उनकी मिट्टी की स्थिति की पहचान करेगा। यह छोटे खेतों से लेकर बड़े कृषि क्षेत्रों तक व्यापक रूप से डाटा प्रदान करेगा, जिससे कृषि भूमि का समग्र विश्लेषण संभव होगा।

ईकोसिस्टम में परिवर्तन की देगा जानकारी

यह उपग्रह 12 दिनों में दो बार पृथ्वी की लगभग पूरी भूमि की तस्वीर लेगा। यह 10 मीटर तक के छोटे भूखंडों की निगरानी करने में सक्षम होगा। यह नीति निमार्ताओं और कृषि अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद करेगा, जैसे कि धान की रोपाई का समय, पौधों की ऊंचाई और खेतों की नमी का स्तर। इसके अलावा यह भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से पहले और बाद में पृथ्वी की सतह के लचीलेपन को देखेगा। यह ग्लेशियरों और बर्फ की चादरों की गति पर नजर रखेगा। जंगलों की वृद्धि और पेड़ों के काटे जाने सहित पारिस्थितिकी तंत्र में होने वाले बदलावों पर भी नजर रखेगा। विशेषज्ञों की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, यह उपग्रह भारत के दक्षिण-पूर्वी तट स्थित इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा।

पलामू में कार और बाइक की टक्कर में तीन युवकों की चली गई जान

PLAMU : पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात एनएच 98 पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवकों की जान गई। तीनों युवक हेलमेट नहीं पहने थे। दो की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी, जबकि एक युवक ने मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृत युवकों की पहचान श्याम परहिया, उपेंद्र परहिया और संतन परहिया के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंचीं और बोलेरो और बाइक को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार, नेशनल हाईवे पर रुदवा के बैराही मोड़ में बोलेरो से बाइक सवार युवकों की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बोलेरो के अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा है।

मुंबई के धीरूभाई अंबानी अस्पताल में ली अंतिम सांस

नहीं रहे बॉलीवुड के अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार

AGENCY MUMBAI : शुक्रवार को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और निर्देशक मनोज कुमार ने दुनिया को अलविदा कह दिया। फिल्म निर्देशक और अभिनेता मनोज कुमार अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 87 वर्ष की आयु में मुंबई के धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्होंने उपकार, पूरब-पश्चिम, शोर रोटी कपड़ा और मकान और क्रांति समेत कई फिल्मों में काम किया। वह भारत कुमार के नाम से प्रसिद्ध रहे। कई फिल्मों में उनके कैरेक्टर का नाम भी भारत कुमार ही रहा।

- उपकार, पूरब-पश्चिम, शोर, रोटी कपड़ा और मकान तथा क्रांति जैसी यादगार फिल्में बनाई
- पद्मश्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से किए गए थे सम्मानित

अप्रेंटिस की मौत से भड़का आक्रोश, बोकारो स्टील प्लांट के बाहर किया गया उग्र प्रदर्शन

प्लांट प्रबंधन ने आंदोलनकारियों से किया कंपनी गेट से हटने का आग्रह, प्लांट व शहर पर मंडरा रहा खतरा

PHOTON NEWS BOKARO : बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल) के बाहर गुरुवार को लाठीचार्ज में घायल अप्रेंटिस की मौत से आक्रोश भड़क गया है। इसके बाद शुक्रवार से कंपनी गेट के बाहर उग्र प्रदर्शन हो रहा है। कंपनी प्रबंधन ने आंदोलनकारियों से संयंत्र के गेट से अविलंब जाम हटाने की अपील की है। प्रबंधन का कहना है कि संयंत्र एक थर्मो-सेंसिटिव इकाई है, जहां संवेदनशील गैस पाइपलाइन नेटवर्क का संचालन 24 घंटे कड़ी सुरक्षा के तहत किया जाता है। प्लांट के सभी गेट जाम होने के कारण लगभग 5000 कर्मचारी 18 घंटे से अधिक समय से भूखे-प्यासे भीतर फंसे हैं, जिससे सुरक्षा मानकों का पालन करना कठिन होता जा रहा है।

कंपनी गेट के बाहर जुटे आंदोलनकारी ● फोटोन न्यूज

जनहित में संयम बरतने की अपील

बोकारो इस्पात संयंत्र प्रशासन ने आंदोलनकारियों से संयंत्र गेट से जाम हटाने की अपील करते हुए कहा है कि यह मामला सिर्फ संयंत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे शहर की सुरक्षा से जुड़ा है। संयंत्र प्रबंधन ने सभी पक्षों से संयम बरतने और स्थिति को जल्द सामान्य करने में सहयोग की अपील की है।

गैस पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर चिंता

संयंत्र प्रबंधन के अनुसार, ब्लास्ट फर्नेस, कोकओवेन, सिंटर प्लांट, स्टील मेल्टिंग शॉप और हॉट स्ट्रिप मिल जैसी प्रमुख उत्पादन इकाइयां बीती रात से बंद हैं। इन इकाइयों के ठप होने से न केवल उत्पादन बाधित हुआ है, बल्कि अब तक करोड़ों रुपये का नुकसान हो चुका है। इन इकाइयों के संचालन में कोकओवेन गैस, ब्लास्ट फर्नेस गैस, सिंटर गैस और अन्य औद्योगिक गैसों का उपयोग होता है। इन गैसों का प्रवाह बाधित होने से पाइपलाइनों में दबाव, असंतुलन, रिसाव या विस्फोट जैसी घटनाएं हो सकती हैं, जिससे न सिर्फ प्लांट बल्कि पूरे शहर की सुरक्षा पर खतरा मंडरा सकता है। प्रबंधन के सूत्रों का कहना है कि संयंत्र कर्मी अब तक सेफ्टी प्रोटोकॉल बनाए रखने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भूख, थकान और लगातार जागने के कारण यह स्थिति लंबे समय तक नहीं संभाली जा सकती। यदि जल्द ही संयंत्र संचालन सामान्य नहीं हुआ, तो सुरक्षा से जुड़ी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं।

बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक हरिमोहन झा गिरफ्तार, सभी मांगें मानी गईं

मृतक के परिजन को मिलेगा 20 लाख मुआवजा, सभी अप्रेंटिस को 3 माह में मिलेगी नौकरी

PHOTON NEWS BOKARO : नौकरी की मांग को लेकर बीएसएल प्लांट के एडीएम बिल्डिंग के समीप गुरुवार को विस्थापित अप्रेंटिस संघ द्वारा प्रदर्शन पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने गुरुवार की देर रात कार्यालय में बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, बीएसएल के ईडी, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआइएसएफ, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी-चास प्रांजल ढांडा आदि शामिल थे। उपायुक्त ने घटना के लिए जिम्मेदार मानते हुए मुख्य महाप्रबंधक बीएसएल प्लांट हरिमोहन झा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। वहीं, विस्थापित अप्रेंटिस संघ की सभी मांगों को बीएसएल प्रबंधन ने मान लिया है। इसमें मुख्य निम्न बातें शामिल हैं। ट्रेनिंग पूरी कर चुके सभी विस्थापित अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को बीएसएल प्रबंधन 21 दिनों में पद सृजित कर तीन माह के अंदर उन्हें नियुक्ति देगा। वहीं, प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा। मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नियोजन देना साथ ही, बीएसएल प्रबंधन घायलों को बीजीएच में मुफ्त उपचार और 10 हजार रुपये मुआवजा देने की बात कही। वहीं, अन्य मांगों के लिए बीएसएल विस्थापितों के साथ प्रति माह 15 तारीख को जिला नियोजन पदाधिकारी और अपर समाहर्ता की उपस्थिति में बैठक कर अनुश्रवण करेंगे। उपरोक्त सभी बातों को लेकर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी चास को प्रत्येक माह अनुश्रवण कर अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

उपायुक्त विजया जाधव और पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने संयुक्त रूप से जिले वासियों से अपील की है कि वे शांति बनाएं रखें। सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाएं एवं जिला प्रशासन को विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग करें।

BRIEF NEWS

रामनवमी जुलूस के रास्तों का किया निरीक्षण

CHAKRADHARPUR : रामनवमी का त्योहार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। उस दिन बजरंगबली और महावीर झंडा का पूजा-अर्चना करने के पश्चात शाम के समय चक्रधरपुर में लाइसेंसी अखाड़ा समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। सभी अखाड़ा समिति महावीर झंडा लेकर शहर के पवन चौक पहुंचते हैं और वहां अपने निर्धारित स्थल पर तरह-तरह के लाठी-तलवार आदि से करतब दिखाएंगे। इसे लेकर शुक्रवार को पोड़ाहाट एसडीओ श्रुति राजलक्ष्मी, सहायक जिला पुलिस अधीक्षक सह पोड़ाहाट डीएसपी शिवम प्रकाश, प्रखंड विकास पदाधिकारी कांचन मुखर्जी, अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा आदि ने रास्तों का निरीक्षण किया। रुट में झूलने वाले बिजली तार को ठीक करने का निर्देश विभाग को दिया गया। वहीं नगर परिषद को सफाई करने और खराब सड़कों पर डस्ट डालने को कहा गया। बता दें कि चक्रधरपुर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में करीब 33 लाइसेंसी अखाड़ा समिति हैं, जिनके द्वारा शोभायात्रा और झांकी निकाली जाती है। प्रशासन के निरीक्षण के दौरान केंद्रीय अखाड़ा समिति के पदाधिकारी और सदस्य भी शामिल थे।

टाटा मोटर्स कर्मियों की बस सेवा 7 को होगी बाधित

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स कर्मचारियों के लिए चलने वाली बस सेवा 7 अप्रैल को रामनवमी के कारण बाधित रहेगी। इस सबंध में कंपनी ने सर्कुलर जारी कर कहा है कि टेल्को कॉलोनी, जेम्को, बर्मामाइंस, नीलडीह, मनीफीट, नामदा बस्ती, ग्वाला बस्ती, रामाधीन बगान, मिश्रा बगान, गोविंदपुर, आसनबनी, डोमजुड़ी, बाघमारा, गोराडीह, मुगार्गुद्दू, हितकू के अलावा अन्य क्षेत्र के कर्मचारी अपने आने जाने के लिए खुद के वाहन का उपयोग करें।

पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण का मॉकड्रिल

CHAIBASA : रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए चाईबासा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। शुक्रवार को पुलिस केन्द्र, चाईबासा में दंगा नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लेने के लिए ₹एंटी रायट मॉक ड्रिल₹ का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में चाईबासा पुलिस के जवानों ने दंगारोधी सुरक्षा उपकरणों के साथ उपद्रवियों से निबटने और भीड़ को नियंत्रित करने का गहन अभ्यास किया। पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आपात स्थिति में इन उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सके।

पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

AGENCY KHUNTI : खूंटी सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारूडीह पंचायत के चालम बरटोली गांव के गेंगेरलोर नामक स्थान पर लगभग 33 वर्ष के एक अज्ञात युवक को अज्ञात अपराधकर्मियों ने पत्थर से कुचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे मृत अवस्था में छोड़कर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर जिस समय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, उस समय घायल युवक की सांस चल रही थी। इसके बाद पुलिस उसे अस्पताल ले गयी, तो वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के माथे को पत्थर से बुरी तरह कूच दिया गया था। घटनास्थल के बगल में एक बड़ा सा खून सना पत्थर भी मिला है। घटना गुरुवार रात उस वक्त की बताई जाती है, जब क्षेत्र में हल्की बारिश हो रही थी। स्थानीय लोग

भी शव की शिनाख्त नहीं कर पाये। युवक केसरिया रंग का टी-शर्ट पहना हुआ है, जिस पर खूंटी के एक निजी स्कूल का लोगो और नाम अंकित है। इसे भी आधार बनाकर रात को ही पुलिस उक्त स्कूल और हॉस्टल में गई। इसके बावजूद उसकी पहचान नहीं हो सकी। तब पुलिस और आम लोगों ने सोशल मीडिया के सहारे युवक की पहचान करने में जुटे हैं।

एक बाइक पर गए थे चार युवक लेकिन लौटे तीन ही

घटनास्थल के आसपास गाय-बकरी चरा रहे चरवाहों ने गांव के लोगों को बताया कि एक बाइक पर सवार होकर चार युवक चालोम बरटोली के गेंगेरलोर की ओर गए थे, लेकिन जब वे वापस लौटे, तो उनकी संख्या तीन ही थी। बाइक सवार तीनों युवक बुरजू रोड की ओर चले गए। संभावना जताई जा रही है कि बाइक पर सवार चार में से तीन ने मिलकर एक की हत्या कर दी होगी। पुलिस ने शुक्रवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टामर्टम कराया। पुलिस मृतक का पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

मोतियाबिंद के 5 मरीजों का कराया लेंस प्रत्यारोपण

JAMSHEDPUR : आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं पूर्णिमा नेत्रालय के सहयोग से शुक्रवार को मोतियाबिंद के 5 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण कराया गया। ज्ञात हो कि भारत सरकार ने 1976 में राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीबी) की शुरूआत की थी। जनसंख्या में रोकथाम योग्य अंधापन की व्यापकता को कम करने के लिए यह अभियान चलाया जाता है। यह अभियान 1 से 7 अप्रैल तक गदरा व सोनारी क्षेत्र में लोगों को जागरूकता कार्यक्रम के साथ नेत्र जांच शिविर लगाया गया था। इसमें लगभग 15 मोतियाबिंद एवं आंसू नलिका की समस्या के रोगी चिह्नित हुए थे। इनका ऑपरेशन 7 अप्रैल को किया जाएगा।

धनबाद मंडल कारा होगा शिफ्ट, पहुंचे जेल आईजी

DHANBAD : मंडल कारा धनबाद में व्यवस्थाओं और सुविधाओं का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को सुबह जेल आईजी सुदर्शन मंडल पहुंचे। उनके साथ कारा विभाग के अन्य अधिकारी भी थे। सुबह आठ बजे से 11 बजे तक उन्होंने मंडल कारा का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान जेल आईजी ने पाया कि मंडल कारा धनबाद को दूसरी जगह ले जाने की जरूरत है। फिलहाल इसके लिए गोविंदपुर और बरवाअड्डा के बीच पंडुकी में जगह चिह्नित किया गया है, लेकिन इसके अधिग्रहण समेत अन्य प्रक्रिया को लेकर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। जेल शिफ्टिंग को लेकर भी त्वरित कार्रवाई की

धनबाद मंडल कारा

जाएगी। निरीक्षण के बाद आईजी ने बताया कि जरूरत के अनुसार सारी सुविधाएं कैदियों को दी जा रही हैं। उन्होंने माना कि जेल में फोर्स की कमी है। धनबाद मंडल कारा में अधीक्षक भी नहीं हैं। ऐसी स्थिति में भी यहां व्यवस्था संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि लगातार झारखंड की जेलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में धनबाद मंडल की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जेल में उपलब्ध संसाधन के अनुसार यहां सब ठीक है।

जन समस्या दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

ग्रामीण की समस्या सुनते उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ● फोटोन न्यूज

LATEHAR : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझ्एक कर उनकी समस्या सुनी एवं आश्वासन दिया कि उनकी सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। आज के जन शिकायत निवारण में कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के चयन रद्द करने संबंधित, मुखिया को बदलने के संबंध में, शिक्षक स्थानांतरण संबंधित, भूमि विवाद से संबंधी जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्या सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।

रामनवमी जुलूस को लेकर रामगढ़ यातायात व्यवस्था में हुआ बदलाव

RAMGARH : रामनवमी के अवसर पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी की ओर से यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। चार से आठ अप्रैल तक समय 02:00 बजे दिन से 02:00 बजे रात्रि तक रामगढ़ शहर में भारी वाहनों और माल वाहक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। ट्रक, टेंपो, भारी वाहन, सवारी गाड़ी के आवागमन को पूर्णतः बंद कर दिया गया है। कोई भी मालवाहक गाड़ी को शनिचरा हाट से लेकर थाना चौक तक और थाना चौक से लेकर शनिचरा हाट तक प्रवेश वर्जित रहेगा। रांची से आने वाले कोई भी मालवाहक गाड़ी, ट्रक और बस पटेल चौक से कोरिया घाटी, नया मोड़, कुजू डायवर्सन (भाया सुभाष चौक) तथा हजारीबाग से आने वाले कोरिया घाटी, नया मोड़, कुजू डायवर्सन से पटेल चौक (भाया सुभाष चौक) तक प्रवेश वर्जित रहेगा। कोई भी मालवाहक ट्रक या बस बरकाकाना से लेकर सुभाष चौक तक एवं सुभाष चौक से लेकर बरकाकाना तक प्रवेश वर्जित रहेगा।

लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीडीसी

AGENCY KHUNTI : उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने जिले के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे विकास कार्यों की गुंणवत्ता का ध्यान रखें। गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करानेवाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डीडीसी समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को जिला योजना, विशेष केंद्रीय सहायता, डीएमएफटी, अन्य वर्क्स एजेंसियाँ, जिला अनाबद्ध निधि, नीति आयोग एवं प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत एवं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों और एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान

बैठक करते उपविकास आयुक्त श्याम नारायण राम ● फोटोन न्यूज

योजनाओं की प्रगति, व्यय की स्थिति एवं कार्यान्वयन की गुणवत्ता की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाएं निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कार्य में लापरवाही नही बरतने एवं कार्य गुणवत्तापूर्ण सम्पन्न कराने को कहा। गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं की जमीनी स्थिति का नियमित निरीक्षण किया जाए और अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। वहीं कार्य पूर्ण होने के पश्चात ससमय हैंड ओवर करने सहित उपयोगिता प्रमाणपत्र एवं अन्य दस्तावेज जमा करने को कहा गया।

धूमधाम से मनाया गया जिला स्थापना दिवस, पर्यटन स्थलों का हुआ गुणगान

PHOTON NEWS LATEHAR: लातेहार जिला का स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय, नगर भवन में विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम हुआ, जिसका उद्घाटन उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव व जिला परिषद की अध्यक्ष पूनम देवी सहित जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने लातेहार जिला के 24वें स्थापना दिवस पर सभी जिला वासियों को हार्दिक शुभकामना व बधाई दी। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला पर्यटन स्थलों की खूबसूरती, हरी-भरी वादियों और संगीतमय झरना आदि के लिए विख्यात है एवं दूसरी और खनिज संपदा से परिपूर्ण है। जिला अंतर्गत पर्यटन और खनन के क्षेत्र में विकास हो रहा है' सरकार विभिन्न क्षेत्रों में निवेश कर

महिला को डमी चेक प्रदान करते डीसी व एसपी ● फोटोन न्यूज

लोगों के विकास एवं रोजगार सृजन के लिए प्रयासरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा व खेल खुद के क्षेत्र में बेहतर करने लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है और पूरी तरह से प्रयासरत भी है। राज्य सरकार आप सभी के लाभ के लिए विकास के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को जिला स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि ये कहना गलत नहीं होगा कि लातेहार जिले का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। लातेहार जिले के चारों ओर पहाड़ों की एक विशाल श्रृंखला है। हरी-भरी वादियां, ऊंचे पर्वत और जंगलों में महुआ व पलाश की खुशबू। लातेहार जिला प्राकृतिक संपदा से परिपूर्ण है।

सभी सूचना तंत्र को एक्टिव रखें पदाधिकारी, छोटी समस्या भी वरीय पदाधिकारियों से साझा करने का दिया निर्देश

रामनवमी के जुलूस मार्गों की सीसीटीवी से की जाएगी निगरानी : डीसी

PHOTON NEWS LATEHAR: रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जुलूस निकालने के मार्गों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जुलूस आवागमन को सुलभ बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जुलूस हेतु निर्धारित मार्गों में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सभी जगहों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में तैनात करने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया गया, जिससे जुलूस की निगरानी की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से समन्वय बनाकर समय सीमा में

कंट्रोल रूम में सीसीटीवी लगाने की प्रक्रिया देखते डीसी-एसपी ● फोटोन न्यूज

सभी कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क मार्ग में पड़ने वाले पेड़ों के डालियों, अव्यवस्थित बिजली के तारों आदि को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। रुट का निरीक्षण बाजार टांड़, थाना चौक तक किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इससे पूर्व डीसी-एसपी ने विधि व्यवस्था से संबंधित समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने जिले के सभी अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों से अपने अंचल व थाना क्षेत्रों में रामनवमी को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले के सभी एसडीओ, एसडीपीओ व थाना प्रभारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी सूचना तंत्र को एक्टिव करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकार के धार्मिक यात्राएं, कार्यक्रमों, जुलूस, झांकी आदि में विशेष रूप से निगरानी की जाए। रामनवमी जुलूस संपन्न होने तक अपने अपने क्षेत्रों में सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी समन्वय बनाते हुए क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और विधि व्यवस्था का जायजा लेंगे। कहीं भी किसी प्रकार की छोटी से छोटी समस्या हो तो तुरंत अपने सीनियर पदाधिकारी को सूचित करेंगे। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, एसडीपीओ अरविंद कुमार व प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, अंचल अधिकारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

श्री-श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल के मुख्य संरक्षक बने नंद लाल साहू

RANCHI : श्री-श्री महाबली हनुमान भक्त मंडल के मुख्य संरक्षक सह कन्याकुब्ज स्वर्णकार परिवार के प्रमुख नंद लाल साहू एवं वरिष्ठ संरक्षक अरविंद सोनी व अरुण वर्मा को मंडल द्वारा चुनरी एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष अमित सोनी एवं कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा उपध्यक्ष सौरव नायक, सुंदरम सिंह वह अन्य लोग मौजूद थे।

आजसू नेता आदिल अजीम ने पार्टी के सभी पदों से दिया इस्तीफा

RANCHI : वक्फ संशोधन बिल संसद में पास हो जाने और आजसू पार्टी के समर्थन से नाराज चान्हो जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एक लेटर जारी किया, जिसमें लिखा मैं आदिल अजीम आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं पार्टी के केंद्रीय सदस्य अथवा तमाम पदों से इस्तीफा देता हूं। वक्फ बिल हम भारतीय मुसलमानों के विरुद्ध है। मैं किसी भी सूरत-ए-हाल में इसे समर्थन देनेवाले पार्टी के साथ नहीं रह सकता। यह बिल संविधान के कई मौलिक अधिकारों का हनन करता है।

बीडीओ ने घाघरा पंचायत भवन में की विकास योजनाओं की समीक्षा

RANCHI : शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के घाघरा पंचायत भवन में नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ एक साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने की। बैठक में मनरेगा, आवास योजना, 15वां वित्त, कृषि, पशुपालन, कल्याण सहित सभी विभागों की समीक्षा की गई। बीडीओ ने सभी विभागीय कर्मियों को नए सत्र में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकासात्मक कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यशैली में बदलाव लाना अनिवार्य है, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अब प्रत्येक सप्ताह किसी न किसी पंचायत में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिससे अन्य पंचायतों में हो रहे कार्यों की जानकारी भी एक-दूसरे को मिल सके। बैठक के प्रारंभ में पंचायत मुखिया रमेश उरांव ने सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए पंचायत स्तर पर बैठक आयोजित करने की पहल को सराहनीय बताया।

गोस्सनर कॉलेज में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया उद्घाटन, बोले-

विकसित भारत बनाने के लिए युवा आबादी देश की सबसे बड़ी शक्ति

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित गोस्सनर कॉलेज में आयोजित डेवलप्ड इंडिया @ 2047: चार्टिंग मल्टी डिसिप्लिनरी एंड मल्टी इंस्टीट्यूशनल पाथ वेज फॉर इन्क्लूसिव ग्रोथ एंड ग्लोबल लीडरशिप विषय पर आधारित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत के विकास की दिशा में विभिन्न पहलुओं को उजागर किया और देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक समृद्धि का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और वैज्ञानिक समृद्धि का भी प्रतीक होगा। उन्होंने भारत की युवा जनसंख्या देश की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए उन्हें नवाचार, स्टार्टअप, शोध और उद्यमिता की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व अन्य ● फोटोन न्यूज

स्थानीय उत्पादों को दें बढ़ावा

राज्यपाल ने स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, खादी और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की बात की और कहा कि भारत पारंपरिक ज्ञान और आधुनिकता का संयोजन करके वैश्विक उत्पादन केंद्र बन सकता है। उन्होंने इस सम्मेलन से उम्मीद जताई कि यह केवल शैक्षणिक विमर्श तक सीमित न रहे, बल्कि ठोस नीतिगत सुझावों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देगा।

देश बन रहा आत्मनिर्भर

गवर्नर ने भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए अभियानों जैसे आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और वोकल फॉर लोकल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन पहलों के माध्यम से भारत न केवल आत्मनिर्भर हो रहा है, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर भी हो रहा है। राज्यपाल ने भारत के स्टार्टअप हब बनने का उल्लेख करते हुए इसे वैश्विक परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में देखा। राज्यपाल ने शिक्षण संस्थानों से आग्रह किया कि वे छात्रों को सिर्फ नौकरी खोजने वाला न बनाकर रोजगार सृजन करने वाला बनाए। इसके अलावा, उन्होंने शोध कार्यों में मौलिकता और समाजोपयोगी समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया।

चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे जवान, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन करेगा शहर की निगरानी

रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को रामनवमी है। इसे अभी से लेकर राजधानी राममय हो चुकी है। पूरा शहर भक्ति के माहौल में डूबा है। इस बीच प्रशासन ने अपनी ओर से पूरी तैयारी कर रखी है। वहीं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम कर रखा है, त्योहारों के दौरान कोई अनहोनी न हो जाए। इसके अलावा शहर की सफाई व्यवस्था देखने का जिम्मा रांची नगर निगम का है। सफाई से लेकर शहर में लाइट की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश निगम कर्मियों को दिया गया है।

सीसीटीवी से की जाएगी मॉनिटरिंग : उपायुक्त ने रामनवमी जुलूस मार्गों पर सुगम यातायात व्यवस्था के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की बात कही। इसके अलावा प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी से निगरानी रखने, जुलूस मार्गों पर लाइट, बैरिकेटिंग, साफ-सफाई, मेडिकल टीम और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए दिशा-निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर भी 24x7 निगरानी रखी जाएगी, ताकि असामाजिक तत्व भ्रामक संदेश न फैला सकें। उपायुक्त ने कहा कि रांची में हर साल की तरह इस वर्ष भी रामनवमी पर्व को सहयोग और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न किया जाएगा।

थाना प्रभारी पर होगी कार्रवाई : रांची के डीआईजी और एसएसपी चंदन सिन्हा ने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील इलाकों का दौरा करने और सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने इन इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने का आदेश भी दिया है। एसएसपी ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि किसी भी इलाके में गड़बड़ी होती है तो संबंधित थाना प्रभारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सिटी कंट्रोल रूम में पुलिस को यह निर्देश दिया गया है कि वे शहर भर में लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध सूचना को तुरंत स्थानीय पुलिस तक पहुंचाएं।

ब्लैक स्पॉट्स पर लाइट लगाने का निर्देश : महारामनवमी के मद्देनजर रांची नगर निगम द्वारा शहर में विशेष सफाई और व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासक संदीप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी रामनवमी आयोजन समितियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न समितियों से महत्वपूर्ण सुझाव लिए गए। पूजा समितियों ने शहर के मुख्य मार्गों के अलावा ब्लैक स्पॉट्स पर लाइट लगाने की अपील की। जिससे कि त्योहार के दौरान कोई घटना-दुर्घटना न हो जाए। वहीं सुझावों को ध्यान में रखते हुए प्रशासक संदीप सिंह ने संबंधित अधिकारियों और टीम को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम की टीम को युद्धस्तर पर सफाई व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।

डीसी ने लिया शहर का जायजा

रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ चर्चा के बाद रामनवमी जुलूस के रूट व प्रमुख मंदिरों का जायजा लिया। इस दौरान हेहल मंडप टोली मंदिर, दक्षिण मुखी बजरंगबली मंदिर, विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्का मोड़, श्री महावीर मंदिर पंडरा और तपोवन मंदिर निवारणपुर सहित अन्य मंदिरों में व्यवस्था का निरीक्षण किया।

- थाना प्रभारियों को सख्ती बरतने का दिया गया है निर्देश
- हर स्तर पर अलर्ट मोड में पुलिस
- रांची नगर निगम चला रहा विशेष सफाई अभियान
- महावीरी झंडों से पट चुकी है राजधानी

ड्रोन से की जा रही निगरानी

झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। पुलिस ने शहरी बस्तियों में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी अभियान शुरू किया है। खासकर उन क्षेत्रों में जहां रामनवमी के जुलूस के निकलने की संभावना है। रांची पुलिस ने ड्रोन की मदद से निगरानी की। मेन रोड, हिंदपीढ़ी, डेली मार्केट जैसे संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने ड्रोन से छतों पर रखी गई संदिग्ध सामग्री जैसे ईंट और पत्थरों की पहचान की। वहीं तत्काल उसे हटाने का निर्देश दिया है।

27 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला कर रही केंद्र सरकार : शिल्पी नेहा तिर्की

PHOTON NEWS RANCHI : वक्फ बिल में संशोधन को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इसे देश के 27% मुस्लिम, ईसाई, सिख, जैन और बौद्ध अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 14, 25 और 30 के तहत अल्पसंख्यकों को अपनी संपत्तियों के स्वामित्व और धर्म का प्रचार करने के मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। लेकिन इस विधेयक के माध्यम से भाजपा इन्हें छीनने की कोशिश कर रही है। कृषि मंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा मुस्लिम समुदाय की सशक्तीकरण की बातें करती है, लेकिन असल में यह समुदाय की भलाई के लिए नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक मंशाओं को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने भाजपा से सवाल किया कि अगर उन्हें मुस्लिम महिलाओं की इतनी चिंता है, तो क्यों नहीं वे बिहार विधानसभा चुनाव में मुस्लिम महिलाओं को 50% आरक्षण देने की बात कर रही है।

वक्फ संपत्ति को निशाना बना रही भाजपा

पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू और कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भी भाजपा के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासियों की जमीनों के संरक्षण के नाम पर सिर्फ दिखावा कर रही है, जबकि सीएनटी एसपीटी एक्ट को बदलने की कोशिशों ने पहले ही आदिवासियों के अधिकारों को नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा वक्फ संपत्तियों को निशाना बना रही है, जबकि देश में भाजपा का राजनीतिक माहौल सिर्फ अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के खिलाफ है।

झारखंड में बेरोजगारी की स्थिति गंभीर राज्य सरकार उदासीन : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी की स्थिति दिनों-दिन गंभीर होती जा रही है और यह राज्य सरकार की उदासीनता का परिणाम है। उन्होंने श्रम विभाग के ताजा आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में 3,44,823 लोग नौकरी की तलाश में हैं, जिनमें 2,45,420 पुरुष और 99,382 महिलाएं शामिल हैं। ये आंकड़े राज्य में रोजगार संकट की गंभीरता को दर्शाते हैं, लेकिन सरकार की ओर से इसे दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़ी उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवा या तो राज्य से पलायन करने के लिए मजबूर हैं या फिर कम वेतन वाली और अस्थायी नौकरियों को अपनाने के लिए विवश हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि राज्य में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन उनके लिए उपयुक्त नौकरियों का अभाव है। सरकारी भर्तियां या तो स्थगित कर दी जाती हैं या फिर पारदर्शिता की कमी के कारण विवादों में घिर जाती हैं। बढ़ते अपराध और निजी क्षेत्र में उद्योगों की सीमित संख्या के कारण रोजगार के अवसर बेहद कम सृजित हो रहे हैं।

नियोजन कार्यालय पंजीकरण तक सीमित : बाबूलाल ने आगे कहा कि राज्य के नियोजन कार्यालय सिर्फ बेरोजगारों के पंजीकरण तक ही सीमित रह गए हैं और नौकरी दिलाने की उनकी भूमिका लगभग समाप्त हो चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से रोजगार सृजन और नौकरी उपलब्ध कराने के प्रयास करें, ताकि झारखंड के युवा राज्य के विकास में योगदान दे सकें और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के पूजा पंडाल में मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

AGENCY RANCHI : शुक्रवार को श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब द्वारा महासप्तमी के अवसर पर बेलवरण पूजा की गई। वहीं नव पत्रिका प्रवेश के साथ भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। पंडाल के उद्घाटन के बाद ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूजा पंडाल का उद्घाटन महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, उदय साहू और राजकुमार गुप्ता के हाथों हुआ। उद्घाटन के समय महासमिति के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। इनमें अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय, मीडिया प्रभारी सौरभ राय समेत अन्य पदाधिकारीगण शामिल थे।

बजरंगबली के होंगे दर्शन : संस्था के अध्यक्ष श्री शंकर दुबे और प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि पहले और दूसरे मंगलवारी के सफल आयोजन के बाद अष्टमी को संध्या 7 बजे से भक्त जीवंत बजरंगबली के दर्शन करेंगे। 101 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू भोग के साथ ढोल नगाड़े और अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया जाएगा।

बेड़ो में सरना आदिवासी विकास समिति का मना चौथा स्थापना दिवस

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को सरना आदिवासी विकास समिति के चौथे स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड सरकार की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर मंत्री ने इंडीजीनियस पब्लिक स्कूल, जामटोली का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियां भी मौजूद थीं। अपने संबोधन में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज के बदलते दौर में शिक्षा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से माताओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि अब मां को अपने बच्चों के पहले शिक्षक की भूमिका निभानी होगी। मंत्री ने स्कूल निर्माण को ऐतिहासिक शुरूआत बताते हुए इसे समाज के लिए मील का पत्थर कहा। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को समाज में सकारात्मक सोच का प्रतीक बताते हुए भरोसा दिलाया कि वे व्यक्तिगत रूप से हमेशा स्कूल के साथ खड़ी रहेंगी।

त्योहारों के बाद रांची नगर निगम ने की कार्रवाई की तैयारी

राजधानी में अवैध रूप से चल रहे आरओ वाटर प्लांट पर लगेगा ताला

VIVEK SHARMA RANCHI : रांची नगर निगम ने शहर में पानी का कारोबार करने वाले आरओ संचालकों के लिए एक नोटिस जारी किया था। इसमें आरओ वाटर प्लांट संचालकों को रांची नगर निगम से लाइसेंस लेने का निर्देश दिया गया था। लेकिन, तीन महीने बीत जाने के बावजूद आरओ संचालकों ने लाइसेंस के लिए आवेदन ही नहीं दिया है। अब तक पूरे शहर से मात्र 4 लोगों ने आवेदन दिया है। इससे साफ है कि अवैध रूप से पानी का कारोबार करने वाले इन आरओ संचालकों को कार्रवाई का कोई डर नहीं है। हालांकि रांची नगर निगम ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। वहीं अवैध रूप से चल रहे प्लांट पर ताला लगा दिया जाएगा। इतना ही नहीं, एक्ट के तहत इन संचालकों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

3 महीने की डेडलाइन खत्म : नगर निगम की ओर से आरओ संचालकों को तीन महीने का समय दिया गया था। इसके तहत लाईसेंस के लिए 5000 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क और 20000 रुपये वार्षिक शुल्क जमा करने का निर्देश दिया गया था। यह कदम इसलिए उठाया गया था, ताकि नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित पानी उपलब्ध हो सके। वहीं, ग्राउंड वाटर निकालकर कारोबार करने वालों पर सख्ती बरती जा सके। लेकिन, डेडलाइन खत्म होने के बाद भी संचालक इंटरेस्ट नहीं दिखा रहे है।

5000 रुपये रजिस्ट्रेशन के लिए किए गए हैं निर्धारित

- लाइसेंस के लिए तीन महीने में मात्र आधा दर्जन संचालकों ने दिया आवेदन
- तीन महीने के अंदर लाइसेंस लेने का रांची नगर निगम ने दिया था अल्टीमेटम
- 20 हजार रुपये सालाना देना है पानी का कारोबार करने के लिए

जोन के आधार पर लाइसेंस

लाइसेंस देने के लिए पूरे शहर को चार जोन में बांटा गया है। इसके आधार पर लाइसेंस की स्वीकृति दी जाएगी। जिसमें सेफ जोन जहां पानी की आपूर्ति में कोई गंभीर समस्या नहीं है। इन क्षेत्रों में संचालित होने वाले वाटर प्लांट को आसानी से लाइसेंस मिल जाएगा। सेमी क्रिटिकल जोन के लिए पानी की किल्लत हो सकती है, लेकिन तत्काल कोई गंभीर संकट नहीं है। यहां प्लांट संचालकों को मार्च 2026 तक लाइसेंस दिया जाएगा। क्रिटिकल जोन में जहां पानी की कमी है और जल संकट एक बड़ी समस्या बन चुका है।

ये मांगे गए थे दस्तावेज

वाटर प्लांट संचालकों को लाइसेंस के लिए रजिस्ट्रेशन कराते समय कुछ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया था। इसमें आधार कार्ड, कंपनी या फर्म रजिस्ट्रेशन, बिजली बिल, होल्डिंग रसीद, केंद्रीय भूगर्भ जल प्राधिकार का एनओसी (नोडल ऑफिसर का प्रमाण पत्र) और रेन वाटर हार्वेस्टिंग की योजना के दस्तावेज देना था। इन कागजातों की जांच के बाद निगम संबंधित प्लांट को लाइसेंस जारी करता। लेकिन संचालकों द्वारा इंटरेस्ट नहीं दिखाए जाने से साफ है कि उन्हें कार्रवाई का कोई डर नहीं है।

रांची में 19 व 20 अप्रैल को होगा भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो 19 और 20 अप्रैल को रांची में होगा। यह एयर शो सूर्य किरण एक्रोबैटिक टीम द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा और इसका आयोजन खोजा टोली आर्मी ग्राउंड में किया जाएगा। एयर शो से पहले 17 अप्रैल को इसका फुल ड्रेस रिहर्सल भी किया जाएगा। शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के एक दल ने रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान वायुसेना के अधिकारियों ने एयर शो की तैयारियों, कार्यक्रम की गतिविधियो और प्रशासनिक सहयोग के संबंध में चर्चा की। वायुसेना के अधिकारियों ने उपायुक्त को एयर शो की सभी गतिविधियों से अवगत कराया और रिहर्सल के दौरान और मुख्य कार्यक्रम के दिन की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी।

जिला प्रशासन करेगा सहयोग : उपायुक्त ने वायुसेना के अधिकारियों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन द्वारा एयर शो की सफलता के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। प्रशासन की ओर से आवश्यक प्रशासनिक तैयारी, प्रचार-प्रसार और तकनीकी सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा ताकि यह आयोजन निर्बाध रूप से हो सके। इस मुलाकात में भारतीय वायुसेना से विंग कमांडर पी के सिंह और स्क्वाड्रन लीडर वालिया भी उपस्थित थे। साथ ही जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हुए और एयर शो की सफलता के लिए अपने सहयोग का आश्वासन दिया।

समाचार सार

थैलेसीमिया पीड़ित बच्ची की मां से मिले झामुमो नेता

GHATSILA : उत्तरी मऊभंडार पंचायत अंतर्गत किताडीह गांव में झामुमो का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। यहां उन्होंने थैलेसीमिया पीड़ित बच्ची की मां से मिले और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने बताया कि मंत्री रामदास सोरेन के निर्देश पर पीड़ित के घर जाकर पूर्ण जानकारी ली गई है। 7 वर्षीय अमृता दंडपात के पिता देवव्रत दंडपात की मृत्यु 4 वर्ष पहले हो चुकी है। परिवार में विधवा मां संगीता दंडपात और 4 वर्ष की छोटी बहन है। विधायक प्रतिनिधि ने कहा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत बच्ची को पेंशन एवं नियम अनुसार पीड़िता को रक्त भी उपलब्ध कराया जाएगा।

भूतिया गांव से सटे जंगल में पहुंचे हाथी

BAHRAGORA : बहरागोड़ा प्रखंड के भूतिया गांव से सटे जंगल में शुक्रवार को दो हाथियों के पहुंचने की सूचना मिलने पर वन विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने आसपास के ग्रामीणों को सचेत रहने की सलाह दी है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे जंगल की ओर जाने से बचें और हाथियों की फोटो या वीडियो बनाने का जोखिम न उठाएं। हाथियों को किसी भी तरह से परेशान न करें। वन विभाग की टीम हाथियों के मूवमेंट पर नजर रख रही है। हालांकि, अभी तक हाथियों ने किसी को भी किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया है।

अनुमंडल अस्पताल में हुई पहली सिजेरियन डिलीवरी

GHATSILA : अनुमंडल अस्पताल, घाटशिला में पहली बार सिजेरियन डिलीवरी हुई है। राजस्टेट गांव की 26 वर्षीय नेहा नाज का शुक्रवार को सर्जरी कर प्रसव कराया गया। अस्पताल के बीपीएम मयंक कुमार ने बताया कि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पा हांसदा, निश्चेतक डॉ. राम सोरेन व एमओआइसी डॉ. राजेंद्र नाथ सोरेन की देखरेख में यह ऑपरेशन किया गया। महिला ने बालक को जन्म दिया है, जिसका वजन 3.6 किलोग्राम था। ऑपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा स्वस्थ हैं। इस दौरान महिला का पति मोहम्मद रिजवान अली भी अस्पताल में मौजूद था।

किताब बेचने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर अभिभावक संघ के अध्यक्ष डॉ. उमेश कुमार ने शुक्रवार को उपायुक्त व जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा, जिसमें किताब बेचने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की मांग की है। डॉ. उमेश ने कहा कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम-2017 की धारा 7 अ (3) में प्रावधान है कि विद्यालय भवन, संरचना या परिसर का उपयोग केवल शिक्षा के उद्देश्य के लिए किया जाएगा और विद्यालय परिसर में अवस्थित कियोस्क से पुस्तक, वर्दी, जूते आदि क्रय के लिए अभिभावकों व छात्र-छात्राओं को बाध्य या प्रेरित नहीं करेगा।

एसबीआई ने तीरंदाज झानू हांसदा का किया सम्मान

JAMSHEDPUR : भारतीय स्टेट बैंक के गृह ऋण केंद्र में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज झानू हांसदा व टाटा स्टील कर्मी सह फुटबॉल कोच रहे प्रदीप कुमार पाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गृह ऋण केंद्र के सहायक महाप्रबंधक विजय केरकेट्टा, असबी नाज, मुख्य प्रबंधक रजनीश रंजन व विनय कुमार, रिंटू रजक, मनोज कुमार आदि अतिथियों को पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट किया।

अर्का जैन के शोधार्थियों ने किया जागरूक

JAMSHEDPUR : अर्का जैन विश्वविद्यालय के शोध विभाग ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और उन्नत भारत अभियान (यूबीए) सेल के सहयोग से हरिसुंदरपुर गांव में जागरूकता अभियान चलाया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को 'आयुष्मान भारत योजना' के तहत मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना था।

अभिनेता मनोज कुमार को दी गई श्रद्धांजलि

JAMSHEDPUR : नाट्य संस्था पथ ने शुक्रवार को भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और निर्देशक मनोज कुमार को श्रद्धांजलि दी। सबसे पहले दो मिनट का मौन रखा गया, फिर संस्था के निदेशक मो. निजाम ने मनोज कुमार के जीवन, उनके सिनेमा के प्रति दृष्टिकोण और उनके बहुआयामी योगदान की चर्चा की। इस दौरान उनकी फिल्मों की विचारधारा, शैली और उनके संवादों की प्रस्तुति भी की गई। संस्था के कलाकारों ने 'उपकार' और 'पूरब और पश्चिम' के प्रसिद्ध दृश्यों का सजीव मंचन प्रस्तुत किया।

आदित्यपुर में मिला 16 लाख का ब्राउन शुगर, दो कारतूस बरामद

अफसर अली हत्याकांड के आरोपी जमील अंसारी ने पुलिसिया पूछताछ में किया था खुलासा

PHOTON NEWS ADITYAPUR : सरायकेला-खरसावां जिले का आदित्यपुर कुछ सालों से ब्राउन शुगर का हब बना हुआ है। यहां अक्सर इसका धंधा करने वालों के बीच मारपीट और हत्या तक की खबरें आती रहती हैं। पुलिस छापेमारी में भी तस्कर पकड़े जाते हैं, लेकिन इस मामले में शुक्रवार को जो खुलासा हुआ, वह चौंकाने वाला है। पुलिस ने 16 लाख रुपये का ब्राउन शुगर जब्त किया है।

दरअसल, आदित्यपुर थाना क्षेत्र के सीतारामपुर डैम के पास 14 मार्च को ब्राउन शुगर के कारोबारी मुस्लिम बस्ती, आदित्यपुर निवासी अफसर अली की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने अपराधी मोहम्मद जमील अंसारी उर्फ छोटा राजू को रिमांड पर लिया था। उसने पुलिसिया पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया।

पुलिस गिरफ्त में जमील अंसारी, बरामद ब्राउन शुगर व कारतूस

इसके बाद पुलिस ने आदित्यपुर की मुस्लिम बस्ती स्थित उसके घर से 77।47 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 16 लाख रुपये है। यही नहीं, उसके घर से 8 एमएम का दो कारतूस भी मिला।

अफसर अली हत्याकांड में दो अपराधी भेजे जा चुके जेल : यहां बता दें कि अफसर अली हत्याकांड मामले में पुलिस ने इससे पूर्व फकरे आलम और मोहम्मद करीम को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

इसी हत्याकांड में आरोपी जमील अंसारी उर्फ छोटा राजू ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। कांड के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक अरुण कुमार महतो ने जमील अंसारी को पूछताछ के लिए रिमांड पर लाया था। पूछताछ के दौरान जमील अंसारी ने बताया कि उसके घर की अलमारी में ब्राउन शुगर रखा गया है। उसके बाद एसडीपीओ समीर सवैया के नेतृत्व में आदित्यपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने मुस्लिम बस्ती में दबिश दी। उसके घर से जमील का आधार कार्ड, पैन कार्ड और ई-श्रम कार्ड भी बरामद किया गया। अफसर अली हत्याकांड के बाद एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर एसडीपीओ समीर कुमार संवैया के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इसमें आदित्यपुर के थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह और गम्हरिया के थाना प्रभारी कुणाल कुमार के साथ आदित्यपुर व गम्हरिया थाना के एक दर्जन पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को लगाया गया था।

घर के बाहर खड़ी कार में लगी आग

SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड-2 में लगातार दूसरे दिन घर के बाहर खड़ी कार में आग लग गई। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। यह घटना जुलुमटांड़ बस्ती की है। घटना शुक्रवार सुबह करीब 3.30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार विकास गोराई नामक युवक के घर के बाहर उसकी इंडिका कार खड़ी थी। अचानक उसमें आग लगी और टायर फटने लगे। विकास ने इसके पीछे असामाजिक तत्वों का हाथ होने की बात कही है। उसने बताया कि उसकी मां ने सबसे पहले कार को जलते हुए देखा। जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक कार का आधा हिस्सा जल चुका था। सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। बता दें कि गुरुवार को भी जमालपुर में असामाजिक तत्वों ने एक कार को आग के हवाले कर दिया था। लगातार दूसरे दिन इस तरह की घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। निवर्तमान पार्षद अभिजीत महतो ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

बहरागोड़ा में बालू माफिया ने ग्रामीणों का सिर फोड़ा

थाने में ग्रामीणों पर ही करा दी एफआईआर, ट्रैक्टर से कर रहे बालू की ढुलाई

PHOTON NEWS JSR: बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में कई साल से सड़क निर्माण नहीं हुआ है। कुछ लोग इसी सड़क से ट्रैक्टर के जरिए अवैध बालू की ढुलाई कर रहे हैं। इससे सड़क की स्थिति और खराब हो गई। कुछ दिन पहले हुई बरसात में सड़क से गुजरना दुश्वार हो गया था। इस पर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से बालू लाद कर इस सड़क से ले जाने वालों से दूसरे रास्ते से ट्रैक्टर ले जाने को कहा तो वे लोग ग्रामीणों से नाराज हो गए। ग्रामीणों के साथ मारपीट की। ग्रामीणों का आरोप है कि युवकों ने उनके साथ मारपीट की। इस मारपीट में एक ग्रामीण का सिर भी फट गया। यही नहीं मारपीट करने वालों ने बहरागोड़ा थाना में ग्रामीणों के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस बालू की अवैध धुलाई करने वालों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

इसी नदी घाट से की जा रही बालू की निकासी व अपनी पीड़ा बतातीं महिला ● फोटोन न्यूज

विधायक के हस्तक्षेप का भी असर नहीं

बताते हैं कि एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी 64 वर्षीय शक्ति घोष भी मारपीट में घायल हुए। इस मामले में ग्रामीणों ने बहरागोड़ा के विधायक समीर कुमार मोहंती से मामले की शिकायत की है। ग्रामीणों ने बताया कि विधायक ने बहरागोड़ा के सीओ को फौरन कार्रवाई करने और बालू का उठाव बंद कराने को कहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक के हस्तक्षेप के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दोषी लोग अभी भी घूम रहे हैं। गांव में आकर ग्रामीणों को अनाप-शनाप बक रहे हैं। ग्रामीणों ने घाटशिला के सीडीपीओ को भी आवेदन देकर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

> बहरागोड़ा के हरिहरपुर में बालू की अवैध ढुलाई हो रही है। ग्रामीणों की मांग है कि बालू ढुलाई उनके गांव के रास्ते से नहीं हो, क्योंकि रास्ता खराब हो रहा है। इस मामले में मारपीट हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।
>
> – राजाराम मुंडा, सीओ

कार के धक्के से हुई नाबालिग बच्चे की मौत

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना अंतर्गत भरभरिया गांव निवासी प्रधान चातर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सुबह लगभग 8 बजे प्रधान चातर अपने गांव में सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान एक मारुति कार ने धक्का मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे घटनास्थल से उठाकर सदर अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सदर थाना थाना पुलिस को घटना की सूचना मिली तो सदर अस्पताल आकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कराया। मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रधान चातर गांव के स्कूल में वर्ग 5 वीं में पढ़ता था। शुक्रवार को सुबह वह घर से बाहर निकाल कर सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान कार ने धक्का मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर थाना भेज दिया।

एसडीयू व सीआईआई-यंग इंडियंस में हुआ एमओयू

समझौते की प्रति का आदान-प्रदान करते प्रतिनिधि ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : सोना देवी विश्वविद्यालय और कनफेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्रीज-यंग इंडियंस के बीच शुक्रवार को घाटशिला स्थित विश्वाविद्यालय कार्यालय में एमओयू हुआ। 3 वर्षों के लिए हुए करार में सीआईआई-वाईआई विद्यार्थियों को विकसित भारत के सपने को साकार करने का एक मंच प्रदान करेगा। संस्था 66 शहरों में सक्रिय है। वह विश्वविद्यालय के 250 छात्रों को प्रतिवर्ष अपनी योजना में शामिल करेगा। दोनों पक्ष एक-दूसरे को शैक्षिक सहयोग प्रदान करेंगे। एमओयू पर सहायक कुलसचिव अर्चना सिंह तथा मोक्षिता गौतम ने हस्ताक्षर किया, जबकि इस मौके पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, डॉ. नीत नयना, डॉ. सैकत चक्रवर्ती तथा सीआईआई-वाईआई से अंकिता नरेड़ी, उज्ज्वल महतो उपस्थित थे।

न्युवोको विस्टास करेगी वीसीएल का अधिग्रहण

JAMSHEDPUR : नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), बेंच ने इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड- 2016 के तहत वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण के लिए न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना में 1,800 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान शामिल है, जिसे विशेष आदेश के तहत स्वीकृत किया गया है। वडराज सीमेंट का मुख्यालय गुजरात के चोरयासी में है। इस अधिग्रहण की प्रक्रिया न्युवोको की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी वान्या कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड (वान्या) के माध्यम से पूरी की जाएगी। इसके बाद वान्या का वीसीएल में विलय कर दिया जाएगा, जिससे वीसीएल न्युवोको की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगी। न्युवोको अगले 1,000-1,200 करोड़ रुपये का निवेश वीसीएल के सात वर्षों से बंद पड़े संयंत्रों को पुनः चालू करने में करेगा। इन संयंत्रों के संचालन को सुचारू रूप से शुरू करने के लिए 15-18 महीनों में चरणबद्ध निवेश किया जाएगा और उत्पादन वित्त वर्ष 2027 की तीसरी तिमाही तक शुरू होने की उम्मीद है।

साल की लकड़ी सहित ट्रक पकड़ाया जंगल की ओर भागे चालक-खलासी

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के पोड़ाहाट वन क्षेत्र में सोंगरा और केरा वन विभाग ने अवैध रूप से साल की लकड़ी ले जा रहे ट्रक को जब्त किया है। हालांकि वन कर्मियों को देख चालक और लकड़ी माफिया मौके से फरार हो गया। जब्त लकड़ी की कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पोड़ाहाट वन क्षेत्र के सोंगरा-केरा वन क्षेत्र अधिकारी (रेंजर) ललन उरांव को गुप्त सूचना मिली थी कि पोड़ाहाट वन क्षेत्र के बंदगांव थाना क्षेत्र में लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना महत्वपूर्ण थी, इसलिए रेंजर ने गुरुवार रात को एक टीम का गठन कर रवाना कर दिया। शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे वन विभाग की टीम जब बंदगांव प्रखंड के सोंगरा पंचायत के टेबो पहुंची, तो देखा कि रांची-चाईबासा मुख्य मार्ग में पहुंची तो देखा कि एक 10 चक्का ट्रक में कुछ लोग साल का बोटा चढ़ा रहे थे। जब वन विभाग की टीम ने अपनी गाड़ी रोकी तो लकड़ी माफिया, ट्रक चालक और खलासी गाड़ी लेकर भागने लगे। इसके बाद वन विभाग के कर्मचारी ट्रक का पीछा करने लगे, इसी बीच करीब 8 किलोमीटर दूर चालक और खलासी गाड़ी छोड़कर जंगल की ओर भाग गए।

बरामद ट्रक के साथ वन विभाग के कर्मचारी ● फोटोन न्यूज

ट्रक के मालिक का पता लगा रहा वन विभाग

सोंगरा के रेंजर ललन उरांव ने बताया कि जिस ट्रक को जब्त किया गया है, उसके नंबर से पता चला कि ट्रक हजारीबाग का है। अब इसके चेसिस नंबर से पता लगाया जाएगा कि इसका मालिक कौन है।

छठ के गीतों से गूंजते रहे स्वर्णरेखा व खरकई नदी के घाट, समाजसेवियों ने शिविर लगाकर चाय-पकौड़ी का किया वितरण

उगते सूर्य को अर्घ्य देने व्रतियों-श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

CHAKRADHARPUR : लोक आस्था के महापर्व चैती छठ में भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए शुक्रवार को नदी घाटों पर व्रतियों-श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। चक्रधरपुर शहर के पुराना बस्ती सीढ़ी घाट तथा मुक्तिनाथ धाम घाट पर सूर्योदय होने के साथ ही अर्घ्यदान प्रारंभ हो गया। इसके बाद व्रती व उनके परिजनों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर खुद के लिए और शहर, समाज व देश के हित की कामना की। इधर गुरुवार शाम पुरानीबस्ती तथा थाना नदी घाट में छठ व्रतधारी व श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया था। इससे पहले बुधवार को नहाय-खाय के साथ 36 घंटा का निर्जला उपवास शुरू हो गया था। गुरुवार को छठव्रतधारियों ने संध्या बेला में विधिवत पूजा-अर्चना एवं स्नान के पश्चात खरना का प्रसाद ग्रहण किया था। शुक्रवार की सुबह अर्घ्य के बाद ही श्रद्धालुओं का व्रत पूरा हो गया। चैती छठ पूजा को लेकर शहर में नदी घाटों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। सूर्योदय से पूर्व भारी संख्या में व्रतधारी महिलाएं व श्रद्धालु घाटों में पहुंचे। वहीं चैती छठ पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा नदी घाटों पर सुरक्षा का इंतजाम किया गया था। लेकिन नगर परिषद द्वारा व्रतधारियों के लिए किसी प्रकार की सुविधा नहीं कराई गई थी। नदी घाट में गंदगी पसरा पड़ा था। इससे पूजा को पहुंचे लोगों को दिक्कतें हुईं। व्रतधारी के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तक नगर परिषद की ओर से नहीं की गई थी।

नदी घाट पर अर्घ्य देतीं महिलाएं ● फोटोन न्यूज

महाकालेश्वर घाट पर सुबह में रही चहल-पहल

JAMSHEDPUR : जुगसलाई स्थित श्री श्री महाकालेश्वर छठ घाट पर शुक्रवार को उदीयमान सूर्यदेव को सैकड़ों व्रतियों-श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया। इसे लेकर सुबह चार बजे से घाट पर चहल-पहल रही। महाकालेश्वर छठ घाट समिति द्वारा 5 चेंजिंग रूम बनाए गए थे, तो रोशनी की व्यवस्था भी की गई थी। लोगों के छठ घाट से वापस आने पर महाकालेश्वर समिति द्वारा व्रतधारियों के लिए चाय-पकौड़ी की व्यवस्था सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से की गई थी। असहाय लोगों को घर तक छोड़ने की व्यवस्था भी समिति ने की थी। इस घाट पर पानी कम है, इसलिए खतरे की आशंका नहीं रहती है। इस दौरान समिति को सहयोग के लिए विजय सिंह पप्पू, नारायण सिंह, मनीष कश्यप, कल्लू सिंह, अमर सिंह, राजेंद्र सोनकर, सीताराम अग्रवाल, पप्पू सिंह, श्याम गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

उदीयमान भुवन भास्कर को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

GHATSILA : उदीयमान भुवन भास्कर को अर्घ्य के साथ चैती छठ शुक्रवार को संपन्न हो गया। अहले सुबह व्रतधारियों के साथ महिला-पुरुष तथा बच्चे स्वर्णरेखा नदी के लिए निकल गए थे। श्रद्धा व भक्ति के बीच गोपालपुर सूर्य मंदिर स्थित छठ घाट, मऊभंडार छठ घाट के अलावा अन्य घाटों पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। आस्था के महापर्व चैती छठ के अवसर पर पारंपरिक लोक गीत केरवा जे फरेला घवद के... जैसे कर्णप्रिय गीत गाते हुए कई लोग वाहन, तो कई लोग पैदल ही सुबह चार बजे नदी घाट के लिए निकल पड़े। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही घाट पर प्रसाद पाने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

ऑटिज्म पीड़ितों से सहृदय व्यवहार का किया आग्रह

कार्यक्रम में उपस्थित लोग ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सोनारी स्थित पीएएमएचजे लालफिक केंद्र में विशेष कार्यक्रम हुआ। इसमें ऑटिज्म पीड़ितों से सहृदय व्यवहार रखने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में ऑटिज्म से प्रभावित लोगों के लिए समावेशी वातावरण बनाने की आवश्यकता पर बल दिया और प्रारंभिक निदान के महत्व को रेखांकित किया। संस्था पीएएमएचजे के सचिव पी. बाबू राव ने न्यूरोडायवर्सिटी (तंत्रिका विविधता) को समझने और अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए 10 शैक्षणिक किट निशुल्क वितरित किए गए, जो उनके दैनिक जीवन कौशल और शिक्षा में सहायक सिद्ध होंगे। इसके साथ ही, 13 विधिक संरक्षक प्रमाण पत्र भी संबंधित बच्चों के अभिभावकों को सौंपे गए, जिससे उन्हें कानूनी रूप से मान्यता और सहारा प्राप्त होगा।

चैती छठ के चौथे दिन उगते सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

चैती छठ पर्व के दौरान उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की गंगा घाट पर भीड़

AGENCY ARARIA : चैत्र मास में मनाया जाने वाला लोक आस्था के महापर्व छठ के अंतिम अर्थात चौथे दिन फारबिसगंज प्रखंड के परमान नदी सहित नहर, पोखर आदि में शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया गया। चैती छठ को लेकर गुरुवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के बाद शुक्रवार सुबह में बड़ी संख्या में छठव्रती छठ घाट पर जमा हुए और विधि विधान के साथ भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर उगते सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। घाट छठ से जुड़े लोक गीतों से गुंजायमान रहा। छठव्रती भी छठ गीतों को गुनगुनाते रहे। घाट पर जाने के लिए भक्त घर से अपने माथे या ठेलागाड़ी पर डाला लेकर पहुंचे। छठ को लेकर ज्योतिषाचार्य पंडित प्रमोद मिश्रा ने बताया कि किसी भी पर्व त्यौहार में उगते हुए सूर्य देव की ही पूजा अर्चना की जाती है, लेकिन छठ पूजा इसलिए भी खास है, क्योंकि यहां उगते और डूबते सूरज की पूजा की जाती है। मान्यता ऐसी है कि सूर्यास्त के बाद उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन में चल रही सभी कठिनाइयां दूर होने के साथ सकारात्मक ऊर्जा का शरीर में संचार होता है। साथ ही सूर्य देव और छठी मां की कृपा से परिवार में सुख और शांति बनी रहती है।

BRIEF NEWS

मुख्यमंत्री ने अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना

PATNA : मुख्यमंत्री ने हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध और लोकप्रिय अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर शोक एवं दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व मनोज कुमार हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध और लोकप्रिय अभिनेता के साथ-साथ फिल्म निर्देशक भी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. मनोज कुमार को भारतीय फिल्मों के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। स्व० मनोज कुमार को 1992 में पद्म श्री सम्मान से भी सम्मानित किया गया था। उनके निधन से फिल्म जगत को अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

शोभायात्रा में जोश में होश न खोएं : डीएम

ARARIA : रामनवमी शोभायात्रा को लेकर फारबिसगंज आदर्श थाना के परिसर में डीएम अनिल कुमार व एसपी अंजनी कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग और रामनवमी शोभायात्रा के आयोजन समिति के सदस्यगण मौजूद थे। अररिया एसपी अंजनी कुमार ने बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रथ यात्रा को ससमय दोपहर 02 बजे ही निकाल दें। रथ यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था किया गया है। एसपी अंजनी कुमार ने कहा कि साउंड पर नियंत्रण जरूरी है, क्योंकि साउंड और गाना ही विवाद का कारण बनता है। डीएम ने कहा कि शांति व्यवस्था इस बैठक का लक्ष्य है। कुछ ऐसा न करें जिससे दूसरे को परेशानी हो। जोश में होश नाहीं खोना है। डीएम अनिल कुमार ने बैठक में मौजूद शोभायात्रा आयोजन समिति के सदस्यों से भीड़ मैनेजमेंट के लिए क्या व्यवस्था किये जा रहे है।

जिला पुलिस व एसटीएफ की टीम ने की संयुक्त कार्रवाई

गया में 7 नक्सली गिरफ्तार, बड़ी घटना को अंजाम देने की थी तैयारी

AGENCY GAYA : बिहार के गया जिले की पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक बड़ी सफलता हासिल की। संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने 7 नक्सलियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए। यह कार्रवाई इमामगंज थाना क्षेत्र के गंगटी बाजार में की गई। गया के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आनंद कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

पुलिस को मिली थी गुप्त सूचना

एसएसपी ने बताया कि 3 अप्रैल को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गंगटी बाजार में कुछ नक्सली सक्रिय हैं। सूचना की पुष्टि के बाद एक विशेष टीम गठित की गई और उसे कार्रवाई के लिए भेजा गया। टीम जब गंगटी बाजार पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। एसएसपी के मुताबिक, पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रूपेश पासवान (पिता उमेश पासवान, कादिरगंज, इमामगंज) बताया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कादिरगंज के तिलाठी पहाड़ी इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। वहां से हथियारों और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी तेज की और 7 अन्य नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

जानकरी देते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार व अन्य

हथियारों का जखीरा बरामद

एसएसपी ने बताया कि इस ऑपरेशन में पुलिस ने 3 एसएलआर, 1 सेमी-ऑटोमैटिक राइफल, 527 कारतूस, 7 एसएलआर मैगजीन, 2 इंसास मैगजीन, 1 केन बम, 6 डेटोनेटर और 3 मोबाइल बरामद किए। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी है। बरामद हथियार और विस्फोटक इस बात के सबूत हैं कि नक्सली किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे। पुलिस अब गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ कर रही है ताकि उनके नेटवर्क और योजनाओं का पता लगाया जा सके। गया एसएसपी ने यह भी बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और संदिग्ध ठिकानों पर नजर रखी जा रही है।

नवादा में पचास हजार का इनामी अपराधी सतीश सहित तीन अरेस्ट

NAVADA : नवादा जिले के टॉप-10 वांछित अपराधी एवं 50 हजार रुपये का इनामी सतीश यादव को नवादा पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। पकरीबरावां के पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी सतीश ने वर्ष 2022 में वारिसलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विशुनपुर में 1,24,800 रुपये के लूट की घटना को अंजाम दिया था। वह तब से फरार था। पुलिस ने इस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। नवादा सहित कई जिलों में भी इसके लंबे अपराधी इतिहास हैं, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर पुलिस ने एक बड़ा काम किया है। उन्होंने बताया कि वारिसलीगंज थाना की पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के मामले में दो अभियुक्त को गिरफ़्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में पकरी बरमा के धमाल गांव के डोडा गांव निवासी मुसाफि र यादव तथा अंशु देवी है। दोनों पति पत्नी को हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया।

रामनवमी को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

AGENCY BHAGALPUR : जिले में रामनवमी को लेकर पुलिस एलर्ट मोड मे दिख रही है। शुक्रवार को पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। जिले में आगामी पर्व त्यौहार को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से स्पेशल फोर्स की भी तैनाती की गई है। आज का यह फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से निकलकर पूरे शहर में पैदल कदमताल करते हुए भ्रमण किया। फ्लैग मार्च में स्थानीय थाना की पुलिस के साथ रैफ के जवान भी शामिल हुए। भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर डीजे पर पूर्ण रूपेण पाबंदी रहेगी।

हमारे समाज में अश्लील गाने का कोई स्थान नहीं। अगर रामनवमी जैसे त्योहार पर अश्लील गाने बजाए जाते हैं या शोभा यात्रा में अश्लील गाने बजाए जाते हैं तो वैसे संस्थानों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस के कोई भी संस्थान शोभायात्रा नहीं निकल सकती है। उन्हें पहले जिला प्रशासन से लाइसेंस लेना होगा, तभी वह शोभायात्रा निकालने के अधिकारी होंगे।

विधानसभा से लौटे छात्र छात्राओं को कुलपति ने दिया प्रमाण पत्र

BHAGALPUR : राष्ट्रीय सेवा योजना तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर एवं नेहरू युवा केंद्र भागलपुर द्वारा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2025 के तहत अंतिम रूप से चयनित एकांश गुप्ता, रजत कुमार कश्यप, अपराजिता कुमारी, अनुषा प्रिया, तुलसी खुशी, सुमित कुमार, स्नेहा कुमारी, प्रतिक राज, मोहम्मद नौशाद करीम और शिवसागर शामिल हैं। इनमें रजत कश्यप और एकांश को छोड़कर शेष सभी टी एम बी यू के छात्र हैं।

आरपीएफ ने प्लेटफॉर्म नंबर दो से 10 नाबालिग बच्चों को किया रेस्क्यू

AGENCY KISHANGANJ : रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 बच्चों को मुक्त करवाया है। बच्चों को बाल मजदूरी के लिए दूसरे शहरों में ले जाया जा था। यह कार्रवाई ऑपरेशन एएचटीयू के तहत की गई। आरपीएफ के सहायक अवर निरीक्षक एच.पी.एस. सिंह के नेतृत्व में आरपीएफ की टीम ने चाइल्ड हेल्प लाइन के साथ मिलकर यह अभियान चलाया। शुक्रवार को सहायक अवर निरीक्षक एच.पी.एस. सिंह में बताया कि प्लेटफार्म नम्बर-02 पर संदिग्ध हालत में घूम रहे इन बच्चों को देखा गया। पूछताछ में पता चला कि इनमें से कुछ बच्चे किशनगंज और पूर्णिया जिले के हैं। वहीं कुछ पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के रहने वाले हैं। सभी बच्चों की उम्र 13 से 16 साल के बीच है। पूछने पर आरपीएफ को बताया कि उन्हें काम करने के लिए अलग-अलग राज्यों में ले जाया जा रहा था।

डीएम ने चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य प्रबंधक का बंद किया वेतन

AGENCY NAVADA : नवादा के डीएम रवि प्रकाश ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारदीगंज, हिसुआ एवं खनवां का औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि सर्जिकल वार्ड में रखी गयी कॉटन एवं सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट खुले में था। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं हेल्थ मैनेजर का वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएचएम को निर्देश दिया कि सभी वार्डों एवं अस्पताल को साफ-सफाई एवं कार्यालय को सुव्यवस्थित रखें। उन्होंने एमओआईसी को निर्देश दिया कि रोस्टर के अनुसार सभी डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित करायें एवं ससमय रोस्टर के अनुसार ही ओपीडी का संचालन करेंगे। ताकि दूर-दराज से आये हुए मरीजों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। रोस्टर के अनुसार आयुष चिकित्सक मोहम्मद इकबाल आजम अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण देते हुए उनका एक दिन के वेतन की कटौती करने का निर्देश सिविल सर्जन नवादा को दिया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि एक्सरे मशीन कार्यरत नहीं था, संबंधित टेक्निशियन से पूछताछ करने पर बताया कि एक्सरे मशीन दो-तीन दिन से खराब पड़ा है, जिसपर जिलाधिकारी ने बीएचएम से पृच्छा किया कि इसकी सूचना मुख्यालय को कयों नहीं दी गयी। एक्सरे टेक्निशियन से पूछताछ करने पर पाया गया कि एनजीओ के तरफ से कार्यरत एक्सरे टेक्निशियन को एक्सरे के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

अब मॉर्निंग हो गए बिहार के सरकारी स्कूल

PATNA : बिहार के सरकारी स्कूलों के लिए एक नया टाइम टेबल जारी किया गया है। ये नया टाइम टेबल 7 अप्रैल 2025 से 1 जून 2025 तक लागू रहेगा। इस दौरान सभी स्कूल सुबह 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक खुले रखने का फैसला लिया गया है। ये आदेश राज्य के प्रारंभिक और माध्यमिक स्कूलों के लिए है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों के लिए एक मॉडल टाइम टेबल बनाया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इस बारे में आदेश जारी कर दिया है। नए टाइम टेबल के अनुसार स्कूल सुबह 6:30 बजे खुलेंगे। सबसे पहले 6:30 बजे से 7:00 बजे तक प्रार्थना होगी। इसके बाद कक्षाओं का समय शुरू होगा। पहली कक्षा सुबह 7:00 बजे से 7:40 बजे तक चलेगी। दूसरी कक्षा 7:40 से 8:20 तक और तीसरी कक्षा 8:20 से 9:00 बजे तक होगी।

रेल लाइन पुल के नीचे युवक का शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

AGENCY BHAGALPUR : जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के कैरिया पंचायत के सौर गांव स्थित एमजीआर रेल लाइन पुल (संख्या-16) के नीचे से शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने सुबह टहलते समय शव को देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर सूचना मिलते ही कहलगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कहलगाँव थानाध्यक्ष अतुलेश सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान रसलपुर थाना क्षेत्र के एकचारी भोलसर निवासी स्व. धनंजय सिंह के 19 वर्षीय पुत्र राबिन कुमार के रूप में हुई है। युवक के सिर और चेहरे को पत्थर से कुचला गया है। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटनास्थल से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है। एफएसएल टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजन ने बताया कि एकचारी गांव में इन दिनों नौ दिवसीय विष्णु यज्ञ और मेला का आयोजन चल रहा है। बीते गुरुवार की शाम राबिन मेला देखने निकला था लेकिन वह घर वापस नहीं लौटा। अनहोनी से डरे परिजन ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दो दिन पूर्व राबिन का गांव में किसी व्यक्ति से विवाद भी हुआ था और आशंका है कि उसी विवाद के चलते उसकी हत्या कर दी गयी है।

मैट्रिक व इंटर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

बच्चों की सफलता पूरे जिले के लिए गर्व का विषय : सौरभ जोरवाल

AGENCY EAST CHAMPARAN : जिला समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को वर्ष 2025 की मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में जिला में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को डीएम सौरभ जोरवाल ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सम्मानित होने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों की यह सफलता बच्चों के साथ उनके अभिभावक और पूरे जिला के लिए गर्व का विषय है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग बच्चों की सफलता से काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होने बच्चों से कहा कि आप सभी ने स्वयं को साबित करते हुए जो उच्च मानदंड स्थापित किया है उसे भविष्य में भी कायम रखिएगा।ऐसा विश्वास है,कि आप सभी कड़ी मेहनत करते हुए हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहराएंगे। उन्होंने कहा कि आगे कठिन चुनौती मिलेगी जिसे हर हाल में पार पाना है। आप सभी लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें और सफल होकर अपने माता-पिता, पूरे समाज जिला और राज्य का नाम रौशन करें। कार्यक्रम में सभी बच्चों के माता-पिता अभिभावक एवं संबंधित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए सरकार द्वारा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम चलाई जा रही है जिसमें चार लाख रुपए तक की ऋण उपलब्ध हो जाती है। अगर किसी बच्चे को आगे की पढ़ाई में असुविधा हो तो वे बच्चे सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। सम्मानित होने वाले बच्चों में मैट्रिक की परीक्षा में पूरे जिला में अव्वल आने वाले आदित्य कुमार, जिन्होंने 500 अंक की परीक्षा में 486 अंक प्राप्त किया है।

मैट्रिक व इंटर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ डीएम सौरभ जोरवाल व अन्य

पटना मरीन ड्राइव बना न्यू क्राइम स्पॉट, युवक की गोली मारकर हत्या

PATNA : मरीन ड्राइव पर शुक्रवार को एक और गोलीबारी की घटना हुई। अज्ञात बदमाशों ने एक युवक, शाहनवाज की गोली मारकर हत्या कर दी। वह सुल्तानगंज स्थित मस्जिद जा रहा था। यह घटना जेपी पथ पर गांधी मैदान की ओर जाते समय हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इलाके में दहशत का माहौल है। शुक्रवार को शाहनवाज अपनी स्कूटी से पटना सिटी के सुल्तानगंज मस्जिद जा रहा था। वह जेपी पथ से गांधी मैदान की ओर जा रहा था। तभी अपराधियों ने उसका पीछा किया। उसके बाद बदमाशों ने पीछे से उसके सिर में गोली मार दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर गया। अपराधी घटना को अंजाम देकर आराम से फरार हो गए।

भाजपा नगर कमेटी की बैठक में पार्टी के स्थापना दिवस पर हुई चर्चा

AGENCY ARARIA : फारबिसगंज सार्वजनिक रेणु पुस्तकालय परिसर में भाजपा नगर कमिटी की बैठक नगर अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद मिंटू की अध्यक्षता एवं मंडल प्रभारी चंद्रकला राय की मौजूदगी में हुई। बैठक में 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रम के साथ 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की साथ रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष रजत सिंह, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवानी सिंह,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह,प्रसेनजीत चौधरी, संदीप कुमार, अर्नव सिंह गोलू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मानवीय रिश्तों का बदलता गणित

रिश्ते, प्रेम और अपराध के बीच पनपने वाली तिकड़ी आज भारतीय समाज को व्यथित और चिंतित कर रही है। ऐसा तब हो रहा है, जब कि कोई भी व्यक्ति रिश्तों में ही जन्म लेता है, उसी में पलता और उसी के सहारे जीवन-यात्रा में आगे भी बढ़ता है। वस्तुतः इन रिश्तों का जैविक आधार है जो मां के पेट में स्थित गर्भ के साथ अनिवार्य जुड़ाव की व्यवस्था और अवस्था में शुरू होता है। यह एक अटूट, अपरिहार्य और अनिवार्य बंधन में बांधता है। अतः इस रिश्ते को जीवनपर्यंत चलते रहने की प्रासंगिकता बनी रहती है। सच कहें तो नया जीव अपने जनक (पिता) और जननी (माता) का उत्पाद होने के कारण वास्तविक अर्थ में उन दोनों का ऋणी होता है। कदाचित इसीलिए भारतीय समाज में ऋण की अवधारणा प्राचीन काल से सबके मन में बसी आ रही है। यह पीढ़ियों के बीच पारस्परिकता की सुदृढ़ आधारशिला रचती है। इसे बनाए रखने में संयुक्त परिवार और अन्य सहायक सामाजिक संस्थाओं और मान्यताओं की सहायक भूमिका थी। पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस तरह की व्यवस्था अधिकांश क्षेत्रों में चलती रही है। आधुनिक युग में विस्थापन, पलायन, आव्रजन (माइग्रेशन) ने इस तरह की व्यवस्था को चुनौती दी है। जीवन को सुखी बनाने में आर्थिक तत्वों की बढ़ती आत्यंतिक भूमिका के चलते जीवन की परिस्थितियां तेजी से उलट-पलट रही हैं। इन सबके प्रभाव में युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा भ्रमित हो रहा है और रिश्तों की अहमियत को नहीं पहचान पा रहा है। वह इन्हें नजरअंदाज कर रहा है और उसे स्वच्छंदता के दायरे में नए ढंग से परिभाषित करने में जुटा हुआ है। वह माता-पिता पक्ष के तमाम रिश्तों (यथा-मौसेरे, चचेरे, ममेरे, फुफेरे आदि) के लफड़े में नहीं पड़ना चाहता। इस तरह के सभी रिश्तों को अपने लिए अनावश्यक बंधन मानता है और सिर से उतार फेंकना चाहता है। अपने जीवन और कर्म में बाधा समझ कर वह इनसे किनारा रखता है। वह अक्सर उनकी अवहेलना और उपेक्षा करता है। और तो और अब रिश्तों से अलगाव की श्रेणी में माता-पिता भी शामिल होने लगे हैं। इसकी पुष्टि वृद्ध माता-पिता की देखरेख न करने की बढ़ती घटनाओं में आसानी से देखी जा सकती है। बचपन में माता-पिता या किसी प्रौढ़ अभिभावक की देखरेख के अभाव में शिशु के जीवन यानी उसके अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। एक शिशु माता-पिता के साथ के रिश्तों के केंद्र में रहता है परंतु उम्र के साथ रिश्तों की दिशा, विस्तार और वरीयता बदलती है। किशोर और युवा होते-होते वह परनिर्भर (डिपेंडेंट) शिशु आत्मनिर्भर (इंडिपेंडेंट) होने लगता है। फिर वह समय भी आता है, जब शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के दौरान वह रिश्तों की बागडोर अपने हाथों में लेकर उनकी दिशा बदलने लगता है। इस कार्य में भावनात्मक परिवर्तन खास भूमिका अदा करते हैं, जो किशोरावस्था विशेष रूप से सक्रिय होते हैं। लड़के और लड़कियां एक-दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं। व्यक्ति के विकास के चरणों का एक क्रम प्रत्येक संस्कृति में मिलता है। इसमें रिश्तों की बनावट और बुनावट केंद्रीय महत्व की होती है। व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक जीवन-रस रिश्तों से ही मिलता है। पिछले कुछ दिनों में ऐसी घटनाओं की खबरें मीडिया में तेजी से आ रही हैं जिनमें निजी रिश्तों में बढ़ती दरारों के चलते बहुत कुछ अवांछित हो रहा है। खासकर उन रिश्तों में जो युवाओं द्वारा खुद अपने निर्णय से सामाजिक मान्यताओं के अंकुश से परे जाकर अंजाम दिए जाते हैं। एक बात साफ है कि इन बेहद निजी मामलों के मूल में अक्सर भावनात्मक त्रासदी ही मुख्य है। पारस्परिक अविश्वास के कारण प्रतिशोध, धोखा और असंतोष की भावना तेजी से बढ़ती है। इस प्रसंग में यह भी रेखांकित किया जाना चाहिए कि आक्रामकता को आज एक परिपक्व और प्रौढ़ व्यक्तित्व की निशानी माना जा रहा है। एक सीमा के बाद रिश्तों के बीच उपजा भावनात्मक संघर्ष प्रज्वलित होकर हिंसक रूप लेने लगता है। हिंसा भड़कने पर बहुत कुछ जीवनविरोधी घटित होने लगता है। आज इस तरह की परिस्थितियों में न केवल आत्महत्याएं हो रही है, बल्कि एक दूसरे की जान तक ले ली जा रही है। इन स्वयंभू रिश्तों के बीच भावनात्मक उबाल बड़ी आसानी से अकेले व्यक्ति के स्व या आत्म के बोध को प्रभावित करता है। अहम को पहुंच रही चोट की तीव्रता उनमें गहरे मानसिक आघात को जन्म देती है। तब पति, पत्नी, साथी और प्रेमी एक दूसरे की हत्या तक करने के लिए तैयार हो जाते हैं। मौका पाते ही वे ऐसे जघन्य और आपराधिक कार्य को अंजाम देने में भी नहीं हिचकते। आज सहिष्णुता के सिमटते दायरों के बीच आपसी रिश्तों में दरारें तेजी से बढ़ रही हैं। इस संदर्भ में यह गौरतलब है कि आज तलाक और अलग-अलग जीवन बिताने (सेपेरेशन) के फैसले बड़ी आसानी से लिए जा रहे हैं। ऐसा लगता है मानों विवाह के बाद तलाक अगला संस्कार है। अकेले, स्वतंत्र और अपने ढंग से अमर्यादित जीवन जीने की प्रवृत्ति आधुनिकीकरण की पहचान होती जा रही है। इसके अंतर्गत जुड़ने और निजी जीवन को अपने पसंदीदा ढंग से जीने की छूट ली जाती है। इसलिए लिव-इन रिलेशनशिप का स्वेच्छाचार स्त्री-पुरुष के बीच अनर्गल शारीरिक संबंध बनाने की पर्याप्त छूट दे देता है। इस पर कोई सामाजिक नियंत्रण नहीं रहता है और अब इसे प्रौढ़ जीवन जीने की एक विधा मानी जाने लगी है। आत्म-निर्णय और एक-दूसरे के साथ रहने की मौखिक सहमति ही इसके लिए पर्याप्त होती है। इसे गैर-नाजायज मान कर विहित की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे रिश्तों के संदर्भ में समाज के मानक और परिवार की स्वीकृति की भूमिका गौण होती है। ऐसे बहुतेरे मामलों में ऊपरी आकर्षण ही प्रमुख होता है जो टिकाऊ नहीं होता है। जब यह आकर्षण आयु बढ़ने या किसी तीसरे के प्रति आकर्षण के कारण घटता है या ऊब, थकान के कारण नीरस और बासी पड़ने लगता है तो दोनों व्यक्तियों के बीच जुड़ने और जुड़े रहने का कोई ठोस आधार नहीं बचता और वे अलग हो जाते हैं।

कैसे रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण

ANALYSIS

रमेश सर्राफ धमोरा

मौजूदा समय में राजनीति व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं, जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से हैं या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है। एक समय था, जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर, अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। पैसे के बल पर चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांचसितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है। 1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है।

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चा में बने रहते हैं। वहीं, बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। इससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब हो रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीति दागदार हुई है। वहीं, नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीति व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं, जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से हैं या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है। एक समय था, जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर, अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। पैसे के बल पर चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांचसितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति

समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है। 1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे, इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रुपये की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं। सबको पता है कि राजनीति में आज छुटभैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता है। चुनाव सुधार पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आई है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। इसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानी 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है। एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिए चुने गए 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है। एडीआर के अनुसार, 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) भाजपा उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार केरल के 20 में से 19 (95 प्रतिशत) सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 11 गंभीर अपराधों से जुड़े हैं।

जैव अर्थव्यवस्था की बढ़ती महत्ता

जैव अर्थव्यवस्था आर्थिक रूप से तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। जैव अर्थव्यवस्था का वर्तमान वैश्विक मूल्य 4 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर होने का अनुमान है और कुछ अनुमानों से संकेत मिलता है कि यह 30 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ सकता है, जो विश्व आर्थिक मूल्य का एक तिहाई है। दुनिया जैव-नवाचार द्वारा संचालित एक नई औद्योगिक क्रांति के कगार पर है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में भारत की जैव अर्थव्यवस्था नवाचार, समृद्धि और बढ़ते वैश्विक महत्व की एक आकर्षक कहानी है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के अनुसार, भारत की जैव अर्थव्यवस्था 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2024 में 165.7 बिलियन डॉलर हो गई है। उन्होंने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में बाइरैक स्थापना दिवस समारोह के दौरान भारत जैव अर्थव्यवस्था रिपोर्ट 2025 जारी की। उन्होंने कहा कि यह घातीय वृद्धि भारत की भविष्य की आर्थिक सफलता के महत्वपूर्ण चालक के रूप में जैव प्रौद्योगिकी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। विश्व जैव अर्थव्यवस्था मंच द्वारा किए गए मूल्यांकन में जैव अर्थव्यवस्था के लिए जैव प्रौद्योगिकी, जैव संसाधन या जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण का उपयोग किया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और भारत जैव प्रौद्योगिकी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि यूरोपीय संघ जैव संसाधन और जैव पारिस्थितिकी दृष्टिकोण की ओर अधिक झुका हुआ है। अब ऐसे संकेत हैं कि दृष्टिकोणों को और अधिक गहन बनाने के लिए विस्तारित किया जा रहा है ' इस प्रकार, यह विषय नया नहीं है। जो नया है, वह यह है कि डिजिटलीकरण, स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए उपकरण इस क्षेत्र की विकास गतिविधि को तेज कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप तेजी से उत्पाद लॉन्च हो रहे हैं और निवेशकों का विश्वास बढ़ रहा है। चीन के राष्ट्रीय विकास और सुधार आयोग के अनुसार, नई योजना 14वीं पंचवर्षीय योजना की आवश्यकताओं को पूरा करती है, जिसने जैव प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ जैव चिकित्सा, जैविक प्रजनन, जैव सामग्री, जैव ऊर्जा और अन्य उद्योगों के विकास को गति देने का संकल्प लिया है, ताकि जैव अर्थव्यवस्था को व्यापक और मजबूत बनाया जा सके। योजना के अनुसार, जैव अर्थव्यवस्था- एक ऐसा मॉडल जो चिकित्सा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, वानिकी, ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, सामग्री और अन्य क्षेत्रों को गहराई से एकीकृत करते हुए जैविक संसाधनों की सुरक्षा और उपयोग पर ध्यान केंद्रित करता है- 2025 तक उच्च गुणवत्ता वाले विकास को बढ़ावा देने में एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बन जाएगा। 2025 तक सकल घरेलू उत्पाद में जैव अर्थव्यवस्था के अतिरिक्त मूल्य का अनुपात लगातार बढ़ेगा और चीन में कम से कम 10 बिलियन युआन के वार्षिक राजस्व के साथ जैव अर्थव्यवस्था फर्मों की संख्या में बड़ी वृद्धि दिखने की उम्मीद है। 2035 तक चीन समग्र शक्ति के मामले में वैश्विक जैव अर्थव्यवस्था में सबसे आगे रहने की उम्मीद करता है। जैव अर्थव्यवस्था में 2030 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 10 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने की क्षमता है। चीन पहले ही अपनी जैव अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है, लेकिन इस क्षेत्र में हमारी मूलभूत ताकत को देखते हुए यदि केंद्र सरकार के प्रयासों को राज्य और स्थानीय सरकारों और समाज के प्रयासों के साथ जोड़ दिया जाए, तो हम निःस्संदेह वैश्विक बाजार पर हावी हो जाएंगे। जैव अर्थव्यवस्था भारत की अर्थव्यवस्था को कृषि और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में नए उद्योग, उद्यम और रोजगार के अवसर पैदा करके और साथ ही देश के आर्थिक आधार में विविधता लाकर विकास करने में सहायता कर सकती है। यह कृषि उत्पादकता और मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाकर, पौष्टिक, जलवायु-अनुकूल फसलें पैदा करके और किसानों को जैव उर्वरक जैसे नवीन जैव प्रौद्योगिकी और जैविक विकल्प प्रदान करके भारत की खाद्य सुरक्षा में सुधार कर सकती है। जैव अर्थव्यवस्था में प्रगति से नई फार्मास्यूटिकल्स, टीकाकरण की खोज हो सकती है और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और लागत बेहतर हो सकती है, जिससे स्वास्थ्य परिणामों में सुधार हो सकता है। हीमोफीलिया ए के लिए भारत के पहले जीन थेरेपी क्लिनिकल परीक्षण को मंजूरी दी गई है, जिससे अनुवांशिक रक्त विकारों के उपचार को बढ़ावा मिलेगा। जैव अर्थव्यवस्था में भारत में रोजगार सृजन की क्षमता है, विशेष रूप से बायोफार्मास्यूटिकल्स और बायोएनर्जी जैसे उद्योगों में, साथ ही बायो-मैन्युफैक्चरिंग हब के विकास के माध्यम से टियर 2 और 3 शहरों में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जा सकता है। भारत की जैव अर्थव्यवस्था एक संपन्न स्टार्टअप वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारत में बायोटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में 8,531 से बढ़कर 2030 में 35,000 होने का अनुमान है। भारत कम लागत वाली दवाइयों और टीकों के दुनिया के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है; बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर उद्योगों में अतिरिक्त विस्तार से भारत के निर्यात में सुधार हो सकता है। उदाहरण के लिए भारतीय निर्माताओं ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ऑर्डर की गई पूरी वैक्सीन मात्रा का 25% प्रदान किया। जैव अर्थव्यवस्था बंद लूप उत्पादन और खपत के माध्यम से अपशिष्ट को कम कर-के और संसाधन दक्षता को अधिकतम करके परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है। उदाहरण के लिए कृषि अपशिष्ट को बायोगैस (अवायवीय पाचन) में बदला जा सकता है। बचे हुए हिस्से का उपयोग पोषक तत्वों से भरपूर उर्वरक के रूप में किया जा सकता है, जिससे अपशिष्ट कम होगा और पुनः उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

Social Media Corner

सच के हक में...

बिम्सटेक वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यह जरूरी है कि हम इसे मजबूत करें और अपने जुड़ाव को और गहरा करें। इस संदर्भ में, मैंने हमारे सहयोग के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए 21-सूत्रीय कार्य योजना प्रस्तावित की।



(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

मैंने दलित और आदिवासी समुदायों के शोधकर्ताओं, कार्यकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिन्होंने केंद्रीय बजट का एक हिस्सा दलितों और आदिवासियों के लिए समर्पित करने के लिए एक राष्ट्रीय कानून की मांग की। कर्नाटक और तेलंगाना में ऐसा कानून लागू है, और इससे समुदायों को महत्वपूर्ण लाभ मिल रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर भी, यूपीए सरकार ने दलितों और आदिवासियों के लिए उप-योजनाओं की अवधारणा पेश की थी। हालाँकि, मोदी सरकार ने इस प्रावधान को कमजोर कर दिया है और इन समुदायों को बजट का केवल एक छोटा सा हिस्सा आवंटित कर रही है। दलितों और आदिवासियों ने प्रतिनिधित्व के लिए लंबे समय से संघर्ष किया है। आज, हमें पूछना चाहिए - यह सुनिश्चित करने के लिए क्या अतिरिक्त कदम उठाए जा सकते हैं कि दलितों और आदिवासियों को सत्ता में सार्थक हिस्सेदारी मिले और शासन में उनकी आवाज हो?

(राहुल गांधी का 'एक्स' पर पोस्ट)

जलवायु परिवर्तन पर देश में नई नीति की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है, मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मानसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खासतौर पर नुकसानदेह होती है, क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बुआई अटक जाती है और पौधों की शुरूआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी। पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।

वक्त और ठिकाना

बोआओ फोरम फॉर एशिया सम्मेलन में शिरकत के लिए चीन गए बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की टिप्पणियों पर भारत में तीखी प्रतिक्रिया हुई है और उनकी अंतर्निहित मंशा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एक गोलमेज सम्मेलन में बोलते हुए यूनुस ने पूर्वोत्तर भारतीय राज्यों सेवन सिस्टर्स का जिक्र लैंड-लॉक्ड इलाके के रूप में करते हुए, क्षेत्र में संपर्क और व्यापार के अभाव पर जोर दिया। भारत की विशाल तटरेखा की अनदेखी करते हुए उन्होंने दावा कर डाला कि बांग्लादेश महासागर तक पहुंच का संरक्षक है और उन्होंने इन भारतीय राज्यों को बाजार व उत्पादन के ठिकाने के रूप में पेश करते हुए चीन से कहा कि वह भूटान, नेपाल और बांग्लादेश के साथ-साथ इन्हें भी चीनी अर्थव्यवस्था के विस्तार के रूप में देखे। उनके सोशल मीडिया खातों पर साझा की गई उनकी टिप्पणियों के अन्य निहितार्थ भी थे। पिछले अगस्त में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता से बेदखली के पश्चात उनके पद संभालने के बाद से यह उनकी चीन की पहली यात्रा थी। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों और यूनुस सरकार द्वारा हसीना को स्वदेश भेजने की मांग पर भारत के साथ तनाव बना हुआ है। नई दिल्ली की ओर कोई न्योता नहीं मिलने के मद्देनजर, यूनुस के चीन यात्रा के निर्णय को एक कूटनीतिक झिड़की और शायद इस संकेत के रूप में देखा गया है कि बांग्लादेश अपनी विदेश नीति की दिशा बदल रहा है। विदेश मंत्रालय ने टिप्पणी करने से इनकार किया है, लेकिन राजनीतिक नेता कूद पड़े हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इन टिप्पणियों को आपत्तिजनक और घोर निंदनीय करार देते हुए यह इशारा किया कि इन टिप्पणियों का लक्ष्य चिकेंस नेक के जरिए भारत की रणनीतिक दुर्बलता की ओर ध्यान खींचना था। अन्य क्षेत्रीय नेताओं और विपक्षी सदस्यों ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह ढाका के समक्ष अपनी नाखुशी प्रकट करे।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

AI tools are fuelling a free-for-all

